कार्तिक शुक्ल - 8 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 19 ▪ अंक - 116 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » मंगलवार » 21-11-2023 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित

5 यह असंभव है कि भारत जैसा देश विश्व फुटबॉल मानचित्र पर नहीं हो : आर्सीन वेंगर

6 बिहार में आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पर भी विवाद

7 गौ माता, गोवंशों की सेवा और उनके संरक्षण के लिए संकल्पित हों : योगी आदित्यनाथ

फर्स्ट टेक

राम मंदिर में पुजारी पद के लिये तीन हजार अभ्यर्थियों ने किया आवेदन

अयोध्या (उप्र)/भाषा। अयोध्या में श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा निर्माणाधीन राम मंदिर में पुजारी पद के लिये तीन हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। उनमें से 200 को साक्षात्कार के लिये बुलाया गया है। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि ने सोमवार को बताया कि ट्रस्ट को प्राप्त 3000 आवेदनों में से 200 अभ्यर्थियों को उनकी योग्यता के आधार पर साक्षात्कार के लिये चुना गया है और उन्हें ट्रस्ट द्वारा साक्षात्कार के लिये बुलाया गया है। उन्होंने बताया कि साक्षात्कारकर्ताओं का तीन सदस्यीय पैनल इन चयनित अभ्यर्थियों से अयोध्या स्थित विश्व हिन्दू परिषद के मुख्यालय कारसेवक पुरम में साक्षात्कार कर रहा है। उनके अनुसार पैनल में वृंदावन के प्रसिद्ध हिंदू उपदेशक जयकांत मिश्रा और अयोध्या के दो महंत मिथिलेश नंदिनी शरण और सत्यनारायण दास शामिल हैं। गिरि ने बताया कि साक्षात्कार के जरिये पुजारी की नौकरी के लिए 20 उम्मीदवार चुने जाएंगे।

पाकिस्तान से चार लाख से ज्यादा अफगान लोग लौटे घर

इस्लामाबाद/एपी। पाकिस्तान में अवैध रूप से रह रहे विदेशियों के खिलाफ कार्रवाई के बाद चार लाख से ज्यादा अफगान नागरिक अपने देश लौट चुके हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अफगानिस्तान में तालिबान नीत सरकार के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने संख्या की पुष्टि करते हुए द एसोसिएटेड प्रेस (एपी) को बताया कि ज्यादातर लोग तोरखम और स्पिन बोलदक की सीमा को पार कर घर लौट रहे हैं।

द. कोरिया ने उ. कोरिया को जासूसी उपग्रह प्रक्षेपित नहीं करने के लिए चेताया

सियोल/एपी। दक्षिण कोरिया की सेना ने उत्तर कोरिया को उसकी जासूसी उपग्रह प्रक्षेपण योजना पर आगे न बढ़ने की चेतावनी दी और सोमवार को कहा कि सियोल एक अंतर-कोरियाई शांति समझौते को निलंबित कर सकता है तथा प्रक्षेपण के जबाव में फिर से अग्रिम क्षेत्रों में हवाई निगरानी शुरू कर सकता है। उत्तर कोरिया इस साल की शुरुआत में एक सैन्य जासूसी उपग्रह को कक्षा में स्थापित करने के अपने पहले दो प्रयासों में विफल हो गया और अक्टूबर में उपग्रह को कक्षा में स्थापित करने का तीसरा प्रयास नहीं किया। दक्षिण कोरिया के अधिकारियों ने कहा कि उत्तर कोरिया उपग्रह प्रक्षेपित करने में संभवत: इसलिए देर कर रहा है क्योंकि उसे रूसी तकनीकी सहायता मिल रही है और वह आने वाले कुछ दिनों में प्रक्षेपण कर सकता है।

20-11-2023 सूर्यास्त 5:50 बजे	21-11-2023 सूर्योदय 6:21 बजे
BSE 65,655.15 (-139.58)	NSE 19,694.00 (-37.80)
सोना 6,240 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम	चांदी 71,700 रु. प्रति किलो

मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com

कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

हार या जीत

खूब करी मेहनत सबने ही,
बने आंख के तारे।
खेल सिर्फ है खेल इसे बस
खेल समझना प्यारे।
हार जीत के संग जुड़ी है,
कोई कैसे टारे।
मैच भले ही हारो अपना,
इंडिया कभी न हारे।।

छठ पर्व

सोमवार को नई दिल्ली में छठ पर्व के आखिरी दिन छठ व्रतियां यमुना नदी में खड़े होकर उगते सूर्य को अर्घ्य दे रही हैं।

विधेयकों को मंजूरी में देरी के आरोप से जुड़ी

तमिलनाडु सरकार की याचिका पर सुनवाई एक दिसंबर तक स्थगित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/चेन्नई। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को तमिलनाडु सरकार की उस याचिका पर सुनवाई एक दिसंबर तक के लिए स्थगित कर दी जिसमें राज्य के राज्यपाल आर एन रवि पर विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को मंजूरी देने में देरी करने का आरोप लगाया गया है। अदालत ने इस तथ्य पर गौर किया कि तमिलनाडु विधानसभा ने राज्यपाल द्वारा लौटाए गए 10 विधेयकों को फिर से पारित किया है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने राज्यपाल कार्यालय की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल (एजी) आर वेंकटरमणी की ओर से सुनवाई टालने के आग्रह को मान लिया। पीठ ने कहा, ''पहले हम विधेयकों (पुन: पारित) पर राज्यपाल के निर्णय का इंतजार करते हैं।''

विधेयकों को मंजूरी देने में देरी पर गौर करते हुए पीठ ने कहा कि मुद्दा यह है कि क्या राज्यपाल के कार्यालय को सौंपे गए संवैधानिक कार्यों के निर्वहन में देरी हुई है। इस पर एजी ने अदालत के समक्ष कहा कि वर्तमान राज्यपाल ने 18 नवंबर, 2021 को कार्यभार संभाला था और देरी के लिए राज्यपाल को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता क्योंकि कई विधेयकों में कई जटिल मुद्दे' अंतर्निहित होते हैं। सरकार के सबसे वरिष्ठ कानून अधिकारी ने उन विधेयकों में से एक का जिक्र किया जो राज्य संचालित विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति में राज्यपाल की शक्तियों को छीनने का प्रावधान करता है। पीठ ने कहा कि वर्तमान में केवल पांच विधेयक राज्यपाल के समक्ष सहमति के लिए लंबित हैं क्योंकि विधानसभा ने 10 अन्य विधेयकों को फिर से पारित किया है। पीठ ने कहा, दोबारा पारित किये जाने के बाद किसी विधेयक की स्थिति एक अर्थ में धन विधेयक के समान हो जाती है।

प्राकृतिक संसाधनों का उत्तरदायित्वपूर्ण उपयोग करें : जगदीप धनखड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/वार्ता। प्राकृतिक संसाधनों के विवेकहीन दोहन के बजाय उनके उत्तरदायित्वपूर्ण उपयोग की आवश्यकता पर जोर देते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि पृथ्वी ग्रह केवल मनुष्यों के लिए नहीं, बल्कि सभी जीवित प्राणियों के लिए भी है।

धनखड़ ने यहां शांतिगिरि आश्रम के रजत जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश में एक ऐसी मानसिकता को बढ़ावा देने की आवश्यकता है जो हमारी सभ्यतागत लोकाचार को प्रोत्साहन देती है। उन्होंने भारतीय संस्कृति को भारतीय समाज रीढ़ बताते हुए सभी से भारत के प्राचीन ज्ञान और उपलब्धियों पर गर्व करने को कहा।

प्राकृतिक संसाधनों के विवेकहीन दोहन के बजाय उनके जिम्मेदार उपयोग की आवश्यकता पर जोर देते हुए, उपराष्ट्रपति ने कहा, हमें यह महसूस करना होगा कि पृथ्वी ग्रह केवल मनुष्यों के लिए नहीं, बल्कि सभी जीवित प्राणियों के लिए भी है। उन्होंने देश में एक ऐसे पारिस्थितिकी तंत्र के उद्भव पर भी जोर दिया जो निष्पक्ष और पारदर्शी हो और जहां हर कोई बिना किसी बाधा के अपने सपनों और आकांक्षाओं को साकार कर सकता हो।

उपराष्ट्रपति ने 'गुरु-शिष्य' परंपरा को पुनर्जीवित करने का आह्वान करते हुए कहा कि किसी व्यक्ति की जेब को सशक्त बनाने के बजाय उनके दिमाग और क्षमताओं को सशक्त बनाना चाहिए।

सोशल मीडिया पर मार्श की वायरल फोटो को लेकर प्रशंसकों की तीखी टिप्पणी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/वार्ता। आईसीसी विश्वकप के फाइनल मुकाबले में भारत को हराने से अधिक चर्चा ट्रॉफी के अनादर को लेकर हो रही है। मिशेल मार्श की वायरल हो रही तस्वीर पर भारतीय प्रशंसकों ने सोशल मीडिया पर ऑस्ट्रेलियाई टीम को जमकर आड़े हाथों लिया है।

सोशल मीडिया पर वायर फोटो में देखा गया है कि मार्श विश्व कप ट्रॉफी के ऊपर पैर रखकर बैठे हैं। इसको लेकर सोशल मीडिया पर लोग मिशेल मार्श से काफी नाराज हैं और लोगों का कहना है कि ऐसी हरकत करके मार्श ने ट्रॉफी का अनादर किया है। मिशेल की फोटो पर सोशल मीडिया पर तीखी टिप्पणी सामने आ रही हैं।

इस फोटो को कंगारू टीम के कप्तान पैट कमिंस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा किया गया है। इस फोटो के साथ ट्रॉफी की फूल माला वाली संयुक्त फोटो वायरल हो रही है।

इस फोटो को लेकर एक यूजर ने सोशल मीडिया पर किसी शायर की पंक्तियों साझा करते हुए लिखा।

...इतना भी गुमान ना कर
अपनी जीत पे ऐ बेखबर,
शहर में तेरी जीत से
ज्यादा चर्चे तो मेरी हार के हैं।

समय अच्छे अच्छों को कद्र करना सिखा देता है, आज नहीं तो कल सही।

भारत, भारतीय संस्कृति की जय

वहीं एक अन्य यूजर ने लिखा, वे इस ट्रॉफी के लायक नहीं हैं, अगर उनके मन में इसके लिए सम्मान नहीं है। तुम्हें शर्म आनी चाहिए मिशेल मार्श। इसके अलावा एक अन्य व्यक्ति ने लिखा कि मार्श की यह हरकत क्रिकेट के इतिहास में अपमानजनक और असम्मानजनक कृत्य के रूप में दर्ज किया जाएगा। ऐसा रवैया अनुचित और अस्वीकार्य है। आप क्रिकेटरों की भावी पीढ़ी के लिए क्या संदेश दे रहे है।

चंद्रबाबू नायडू की नियमित जमानत मंजूर

विजयवाडा/वार्ता। आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने सोमवार को कौशल विकास घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की नियमित जमानत मंजूर कर ली। उच्च न्यायालय ने तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष को नियमित जमानत मंजूर कर ली और उन्हें 29 नवंबर से सभी राजनीतिक और अन्य कार्यक्रमों में शामिल होने की अनुमति दी गयी है। उच्च न्यायालय ने दलील दी इसका कोई सबूत नहीं मिला है कि नायडू गवाहों को प्रभावित करेंगे। विधानसभा में विपक्ष के नेता नायडू की नियमित जमानत मंजूरी पर न्यायमूर्ति टी मल्लिकार्जुन राव ने तर्क दिया, रिकॉर्ड पर उपलब्ध सामग्री से निश्चित रूप से यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता है कि गलत तरीके से जुटायी गयी राशि तेलुगू देशम पार्टी के बैंक खातों में भेज दी गई थी। न्यायाधीश ने कहा कि फोरेंसिक ऑडिट रिपोर्ट में उजागर विसंगतियों के लिए नायडू को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है।



सतत जागरूकता से ही सशक्त, सजग समाज संभव : राष्ट्रपति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

भुवनेश्वर/वार्ता। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को ओडिशा में लेखकों से अपने लेखन के माध्यम से समाज में निरंतर जागरूकता पैदा करने का आग्रह किया।

बारीपदा में अखिल भारतीय संताली लेखक संघ के 36वें वार्षिक सम्मेलन और साहित्यिक महोत्सव का उद्घाटन करने के बाद, राष्ट्रपति ने कहा कि लेखक समाज के सजग प्रहरी हैं। वे अपने कार्यों से समाज को जागरूक करते हैं और उसका मार्गदर्शन करते हैं। आज तीन दिवसीय दौरे पर ओडिशा पहुंची, सुश्री मुर्मु ने इस बात पर जोर दिया कि आदिवासी समुदाय के लोगों के बीच जागरूकता पैदा करना एक महत्वपूर्ण कार्य है।

राष्ट्रपति ने कहा कि एक मजबूत और सतर्क समाज का निर्माण निरंतर जागरूकता से ही संभव है। उन्होंने कहा कि साहित्य एक समुदाय की संस्कृति का दर्पण है और कहा कि प्रकृति के साथ मनुष्य का प्राकृतिक सह-अस्तित्व आदिवासी जीवन शैली में देखा जाता है। राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रकाश डाला कि आज जलवायु परिवर्तन एक बड़ी समस्या है और इस समस्या से निपटने के लिए प्रकृति के अनुकूल जीवन बहुत महत्वपूर्ण है।

ओल चिकी भाषा के प्रसार के लिये बच्चों पर ध्यान केंद्रित करें संथाली लेखक

श्रीमती मुर्मु ने लेखकों से आदिवासी समुदायों की जीवन शैली के बारे में लिखने का आग्रह किया ताकि अन्य लोग आदिवासी समाज के जीवन मूल्यों के बारे में जान सकें। उन्होंने कहा कि भारत विभिन्न भाषाओं और साहित्य का एक सुंदर उद्यान है। संथाली भाषा के पाठकों को अनुवाद के माध्यम से अन्य भाषाओं के साहित्य से परिचित कराया जाना चाहिए।

एनआईए ने किया

आतंकवादी गुरपतवंत पन्नू और उसके संगठन के खिलाफ मामला दर्ज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। एअर इंडिया के विमानों से यात्रा करने वाले लोगों को धमकाने और 19 नवंबर से एअरलाइन की उड़ानों का परिचालन बंद करने की धमकी देने के मामले में घोषित आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एनआईए ने सोमवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बताया कि यह मामला भारतीय दंड संहिता और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज किया गया है।

पन्नू ने चार नवंबर को जारी किए गए वीडियो संदेशों में सिखों से कहा था कि वे 19 नवंबर और इसके बाद एअर इंडिया के विमानों से यात्रा न करें। गैरकानूनी संगठन 'सिख्स फॉर जस्टिस' (एसएफजे) से संबंध रखने वाले पन्नू ने विभिन्न सोशल मीडिया मंचों पर वीडियो संदेश जारी किए। इसके बाद हाई अलर्ट जारी किया गया।

मणिपुर में आईआरबी जवान समेत दो लोगों की गोली मारकर हत्या

इंफाल/भाषा। मणिपुर के कांगपोकपी जिले में सोमवार को इंफाल घाटी के एक उग्रवादी समूह के संदिग्ध सदस्यों ने सुरक्षा बल के एक कर्मी और उनके चालक की गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दोनों व्यक्ति एक वाहन में यात्रा कर रहे थे कि तभी राज्य के बहुसंख्यक समुदाय से संबंधित संदिग्ध उग्रवादी समूह के सदस्यों ने हाराओथेवल और कोब्शा गांवों के बीच गाड़ी पर घात लगाकर हमला कर दिया। अधिकारियों के मुताबिक, घटना में मारे गए दो लोगों में से एक इंडिया रिजर्व बटालियन (आईआरबी) का कर्मी था। अधिकारियों ने बताया कि घटना सिंगदा डैम के समीप हुई जो मणिपुर में जारी जातीय हिंसा के दौरान आदिवासी समुदाय के सदस्यों को निशाना बनाने वाले विद्रोही समूहों के लिए एक प्रमुख केंद्र (हॉटस्पॉट) बन चुका है। एक आदिवासी संगठन ने दावा किया कि कुकी-जो समुदाय के लोगों पर बिना उकसावे के हमला किया गया और जिले में 'बंद' घोषित कर दिया गया। मई की शुरुआत में पूर्वोत्तर राज्य में मेइती और कुकी समुदायों के बीच जातीय संघर्ष शुरू होने के बाद से इस क्षेत्र में ग्रामीणों के बीच गोलीबारी की कई घटनाएं हुईं।

दौरा

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, रसायन और उर्वरक मंत्री मनसुख मंडाविया ने सोमवार को नई दिल्ली में 42वें भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में प्रगति मैदान में स्वास्थ्य मंडप का दौरा किया।

शिफा से शिशुओं को निकाले जाने के बाद

गाजा के एक अन्य अस्पताल के आसपास भारी लड़ाई छिड़ी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

खान यूनिस (गाजा पट्टी)/एपी। उत्तरी गाजा में उस अस्पताल के आसपास सोमवार को भारी लड़ाई शुरू हो गई जहां हजारों मरीज और विस्थापित लोगों ने हफ्तों से शरण ले रखी है। इजराइली सुरक्षा बलों का ध्यान अस्पताल को खाली कराने पर केंद्रित है। उनका कहना है कि हमास के आतंकवादी सुरक्षा ढाल के तौर पर इस अस्पताल का इस्तेमाल कर रहे हैं।

इंडोनेशियाई अस्पताल की ओर सुरक्षा बलों के बढ़ने से एक दिन पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने गाजा शहर में शिफा अस्पताल से समय पूर्व पैदा हुए 31 शिशुओं को बाहर निकाला। इजराइली सुरक्षा बलों के परिसर में प्रवेश करने के बाद अस्पताल में गंभीर रूप से बीमार या घायल 250 मरीज मौजूद हैं।

इजराइल का कहना है कि हमास नागरिकों को मानव ढाल के रूप में उपयोग करता है, जबकि आलोचकों का कहना है कि इजराइल की घेराबंदी और लगातार हवाई बमबारी क्षेत्र के 23 लाख फलस्तीनियों के लिए सामूहिक सजा बन गई है।

इजरायल ने हमास के तीन कमांडरों को मार गिराया

यरूशलेम/वार्ता। गाजा पट्टी में इजरायल के जमीनी अभियान जारी है, जिसमें हमास के तीन कंपनी कमांडर मारे गए हैं। इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने सोमवार यह जानकारी दी। इजरायली सेना के एक बयान के अनुसार हमास के तीन कंपनी कमांडरों की हत्या शिन बेट और सैन्य खुफिया निदेशालय द्वारा प्रदान की गयी खुफिया जानकारी पर आधारित थी। दक्षिणी इज़राइल पर सात अक्टूबर को हमास के अचानक किए गए हमले का जवाब देने के लिए इजरायल पिछले कुछ हफ्तों से गाजा पर हमले कर रहा है।

जीवन में अच्छे परिवर्तन के लिए आता है चातुर्मास : मुनि श्रीराजपद्मसागर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के शांतिनाथ श्वेतांबर मूर्तिपूजक जैन संघ एलएन पुरम श्रीरामपुरम में मुनिश्री राजपद्मसागरजी व श्रमणपद्मसागरजी चातुर्मास पूर्णाहुति की ओर बढ़ रहा है। रविवार को गुरुदेव के विदाई व सम्मान समारोह में अनेक श्रद्धालुओं ने चातुर्मास को लेकर अपने अनुभव साझा किए। इस मौके पर मुनिश्री राजपद्मसागरजी ने कहा कि चातुर्मास परिवर्तन के लिए आता है। इन चार माह में जो भी अच्छी बातें आपने सुनी अब उसका मनन व चिंतन कर आचरण करने का समय है।

अनेक व्यक्तियों के जीवन में परिवर्तन आया है । चातुर्मास से हमें जैन धर्म की ओर अग्रसर होने की सच्ची प्रेरणा मिलती है। हमें जन्म से जैन धर्म तो प्राप्त हुआ है परन्तु उसका उपयोग करना संत ही समझाते हैं। मुनिश्री श्रमणपद्मसागरजी ने कहा कि प्रवचन में आने से गुरु हमारा साक्षात्कार स्वयं व प्रभु से कराते हैं। धर्म का परिचय कराते हैं। गुरु की शरणागति प्रदान करते हैं। हमें इन सबका लाभ लेना चाहिए ताकि हमारा चातुर्मास सफल होगा। इस मौके पर चातुर्मास में सहयोगी परिवारों का सम्मान किया गया। संघ सचिव नरेंद्र आच्छा ने संतद्वय के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे संघ का सौभाग्य है कि हमें ऐसे ज्ञानी ध्यानी व महान संत मिले जिससे हमारा जीवन सफलता के मार्ग पर अग्रसर हुआ। इन मुनिद्वय की निश्रा में संघ को दो रजत प्रतिमा भराने अर्थात बनवाने का भी लाभ मिला।

कर्नाटक को सूखा राहत के लिए 'एक पैसा भी' जारी नहीं करने के लिए सिद्दरामैया ने केंद्र की आलोचना की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

विजयपुरा। कर्नाटक में सूखा राहत के लिये अब तक एक भी पैसा जारी नही करने को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने सोमवार को कहा कि प्रभावित लोगों के लिए सहायता और रोजगार के दिवस बढ़ाने के लिए केंद्र को लिखे गए उनके पत्र का जवाब नहीं मिला। कर्नाटक सरकार ने राज्य के 236 में से 223 तालुका को सूखा ग्रस्त घोषित किया है।

सिद्दरामैया ने कहा, ''हमने सभी सूखा राहत कार्य शुरू कर दिए हैं, जैसे- पीने का पानी उपलब्ध कराना, पशुओं के लिए चारा उपलब्ध कराना, लोगों को रोजगार देना।'' यहां पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में भीषण सूखे को देखते हुए राज्य ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस) के तहत रोजगार दिवस को साल में 100 दिन से बढ़ाकर 150 दिन करने का फैसला किया है, लेकिन इसके लिये अनुमति केंद्र सरकार को देनी होगी। उन्होंने कहा, ''हमने इसके लिए केंद्र को पत्र लिखा है लेकिन आज तक कोई जवाब नहीं आया है।''

सिद्दरामैया ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा केंद्र से राहत की मांग करते हुए सूखा संबंधी ज्ञापन सौंपे हुए एक महीने से अधिक समय हो गया है, जिसके बाद एक केंद्रीय टीम ने भी निरीक्षण के लिए राज्य का दौरा किया लेकिन आज तक उन्होंने सूखा राहत के रूप में एक पैसा भी नहीं दिया है। कर्नाटक मंत्रिमंडल ने पिछले बृहस्पतिवार को राज्य को सूखा राहत राशि जारी करने में केंद्र सरकार द्वारा देरी पर गंभीर चिंता व्यक्त की थी।

सिद्दरामैया ने पिछले हफ्ते भी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को राज्य को सूखा राहत निधि जारी करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए पत्र लिखा था। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि उन्होंने केंद्र को पत्र लिखकर सूखा घोषित करने के मानदंडों में बदलाव की मांग की थी, लेकिन उसका भी कोई जवाब नहीं आया।

भारत-आस्ट्रेलिया ने द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/वार्ता। भारत और आस्ट्रेलिया ने द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को अधिक मजबूत बनाने के प्रति वचनबद्धता व्यक्त की है और बढ़ते रक्षा संबंधों पर संतोष व्यक्त किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई उप प्रधान मंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स के साथ टू प्लस टू वार्ता से पहले द्विपक्षीय बैठक की। दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को और मजबूत करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने संयुक्त अभ्यास, आदान-प्रदान और संस्थागत बातचीत सहित दोनों देशों के बीच बढ़ते सैन्य-से-सैन्य सहयोग पर संतोष व्यक्त किया। रक्षा मंत्री ने इस वर्ष अगस्त में ऑस्ट्रेलिया द्वारा बहुपक्षीय अभ्यास 'मालाबार' के पहले और सफल आयोजन पर मार्ल्स को बधाई दी।

उन्होंने दोनों देशों के बीच सूचना आदान-प्रदान और समुद्री क्षेत्र के बारे में जागरूकता में सहयोग को बढ़ाने के महत्व पर बल दिया। दोनों पक्षों के बीच हाइड्रोग्राफी क्षेत्र और हवा से हवा में ईंधन भरने के लिए सहयोग पर चर्चा अंतिम चरण में है। सिंह ने जोर दिया कि दोनों देशों की सेनाओं को कृत्रिम मेधा, पनडुब्बी रोधी और ड्रोन रोधी युद्ध तथा साइबर जैसे विशिष्ट प्रशिक्षण क्षेत्रों में भी सहयोग करना चाहिए। मंत्री इस बात पर सहमत हुए कि रक्षा उद्योग और अनुसंधान में सहयोग पहले से मजबूत संबंधों को बढ़ावा देगा। रक्षा मंत्री ने सुझाव दिया कि दोनों देशों के बीच पोत निर्माण, मरम्मत और रखरखाव, विमान रखरखाव, मरम्मत और सहयोग के संभावित क्षेत्र हो सकते हैं।

पूर्वांचल परिवार ने मनाया दीपावली स्नेह मिलन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर की पूर्वांचल परिवार संस्था की ओर से रविवार को एक होटल में दीपावली स्नेह मिलन का आयोजन किया गया जिसमें विश्व क्रिकेट कप का लाइव प्रसारण व हाउजी खेल का आयोजन किया गया। बच्चों व सदस्यों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। आर्या बंसल ने भजन गाया, पूर्व अध्यक्ष जेके बजाज ने गाना,रविप्रकाश माहेश्वरी ने श्री खाटू श्याम का भजन गया। दीपावली के मौके पर सब परिवार सदस्यों को और मेहमानों को कुबेर दीपक देकर सम्मान किया गया। इस मौके पर समाज के शंकर जितानी, रमेश टिबड़ेवाल, संजय अग्रवाल, रमेश अग्रवाल,अंकित बंसल, गोपाल सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

अध्यक्ष संदीप टिबरेवाल के साथ सचिव राजेश जिंदल और कोषाध्यक्ष रमेश अग्रवाल ने कार्यक्रम की व्यवस्था संभाली।

बेंगलूरु में तीसरी तिमाही में कार्यस्थल को पट्टे पर लेने की मांग में 28% की गिरावट : वेस्टियन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/नई दिल्ली। बेंगलूरु कार्यालय बाजार चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में प्रभावित हुआ। इस दौरान कार्यस्थल को पट्टे पर लेने की मांग में 28 प्रतिशत की गिरावट आई। कॉरपोरेट जगत की कमजोर मांग के बीच नई कार्यस्थलों को पट्टे पर लेने की दर में भी सालाना आधार पर 25 प्रतिशत की गिरावट आई। रियल एस्टेट के सलाहकार वेस्टियन ने यह जानकारी दी।

वेस्टियन ने सोमवार को चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के लिए भारत के शीर्ष सात शहरों की अपनी कार्यालय बाजार रिपोर्ट जारी की। बेंगलूरु में जुलाई-सितंबर तिमाही में कार्यालय स्थल की मांग सालाना आधार पर 28 प्रतिशत गिरकर 36 लाख वर्ग फुटा हो गई। यह एक साल पहले समान अवधि में 50 लाख वर्ग फुट थी। बेंगलूरु में नए कार्यस्थलों की मांग सालाना आधार पर 25 प्रतिशत गिरावट के साथ 27 लाख वर्ग फुट रही। वेस्टियन को उम्मीद है कि बड़ी आईटी कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को कार्यालय वापस बुलाने के फैसले से बेंगलूरु में कार्यालय स्थल की मांग बढ़ेगी। रिसल एस्टेट सलाहकार के आंकड़ों के अनुसार, इस साल जुलाई-सितंबर में कार्यस्थल को पट्टे पर देने की सकल मांग 21 प्रतिशत बढ़कर 1.59 करोड़ वर्ग फुट हो गई, जो एक साल पहले समान अवधि में 1.31 करोड़ वर्ग फुट थी। बेंगलूरु के अलावा इसमें शामिल अन्य छह प्रमुख शहर दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, पुणे और हैदराबाद हैं। समीक्षाधीन तिमाही में इन शीर्ष सात शहरों में नए कार्यस्थल की मांग 26 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.34 करोड़ वर्ग फुट रही। वेस्टियन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) श्रीनिवास राव ने रिपोर्ट पर कहा, ''वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में भारतीय कार्यालय क्षेत्र में रियल एस्टेट गतिविधियों में वृद्धि देखी गई। वैश्विक महामारी के बाद से मांग उच्चतम स्तर पर पहुंच गई और नई मांग बढ़कर पांच-चौथाई के उच्चतम स्तर पर रही।''

तेलंगाना में बीआरएस के खिलाफ मौन क्रांति, भाजपा बनाएगी सरकार: किशन रेड्डी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हैदराबाद/भाषा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने सोमवार को कहा कि राज्य में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के खिलाफ मौन क्रांति चल रही है और लोगों का यह विश्वास मजबूत हो रहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की सरकार चली जाएगी और सत्ता में भाजपा आएगी।

केंद्रीय पर्यटन मंत्री रेड्डी ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि कुछ फर्जी सर्वे रिपोर्ट प्रसारित की जा रही हैं, लेकिन भाजपा उम्मीदवारों को क्षेत्र में लोगों की अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है और पार्टी के घोषणापत्र को जनता सकारात्मक तरीके से ले रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के निर्देश पर कर्नाटक की सरकार लोगों पर 'तेलंगाना चुनाव कर' लगा रही है और यह राशि यहां भेजी जा रही है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, ''अनेक विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा आगे है। यह बीआरएस पार्टी के खिलाफ मौन क्रांति की तरह है। भाजपा के प्रचार पर लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया आ रही है। लोग खुद ही बीआरएस के प्रचार वाहनों को अपने गांवों में नहीं आने दे रहे।'' रेड्डी ने कहा कि तेलंगाना की समस्याओं का एकमात्र समाधान राज्य में 'डबल इंजन' की सरकार लाना है। उन्होंने दावा किया कि तेलंगाना में 18 से 35 साल की उम्र के 60 से 70 प्रतिशत लोग पूरी तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पक्ष में हैं।

समाज के लिए प्रेरक बनेगा तुमकूर सीरवी समाज छात्रावास भवन : दीवान माधवसिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

टुमकूर। स्थानीय सीरवी समाज ट्रस्ट के तत्वावधान में सीरवी समाज के धर्मगुरु दीवान साहब के सान्निध्य में नवनिर्मित छात्रावास भवन का उद्घाटन हुआ तथा भवन में आईमाताजी के पाट, तस्वीर तथा अखंड ज्योत की स्थापना माताजी जयकारों के साथ हुई। पंडित शिवश्री विनोद दीक्षित के नेतृत्व में ब्रह्म मुहूर्त में लाभार्थी परिवार ने जयकारों के साथ आईमाता की तस्वीर की स्थापना की। दीवान माधवसिंह की उपस्थिति में अन्य देवी देवताओं की तस्वीरों, अखंड ज्योत व पाठ की स्थापना भी की गई। विभिन्न चढ़ावों के लाभार्थियों ने देवी देवताओं तस्वीर पर तिलक, भोग व हार अर्पित किए। दीवान साहब के तिलक व बधावा के लाभार्थी हेमराज़ सेणचा, हवन मुख्य यजमान के लाभार्थी चिमनाराम भायल, अखंड ज्योत के लाभार्थी कुशालराम सेपटा, माताजी के तस्वीर के लाभार्थी अध्यक्ष मदनलाल राठौड़, महाप्रसाद के लाभार्थी रतनलाल सैंणचा, पूनाराम परिहार, मंगलाराम काग, तुलछाराम गहलोत रहे। संस्था के अध्यक्ष मदनलाल राठौड़ ने सभी का स्वागत किया। पूर्व अध्यक्ष हेमराज सैंणचा ने सभी को धन्यवाद दिया। समारोह में दीवान माधवसिंह ने समाज के सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए माता की भक्ति में सदैव अग्रसर रहने की प्रेरणा दी। ट्रस्ट की ओर से धर्मगुरु दीवान एवं पूना बाबाजी का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रेल्वे वरिष्ठ अधिकारी धर्मेन्द्र सीरवी, दिनेश राठौड़ व महेंद्र राठौड़ उपस्थित थे। अतिथियों, चढ़ावों के लाभार्थियों एवं अन्य क्षेत्रीय वडेरों के पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष हेमराज सेंणचा ने किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

कर्नाटक सरकार फर्जी खबरों के फैलने से रोकने के लिए फैक्ट चेक यूनिट करेगी स्थापित

बेंगलूरु। कर्नाटक सरकार ने झूठी खबरों और सूचना प्रचार का मुकाबला करने के लिए फैक्ट चेक यूनिट स्थापित करने का फैसला किया है। राज्य मंत्री प्रियांक खरगे ने सोमवार को घोषणा की। राज्य के आईटी मंत्री के मुताबिक, कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने इस संबंध में एक टेंडर जारी किया है और पांच कंपनियों को शॉर्टलिस्ट किया है। सोमवार को पत्रकारों को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि एक बार इन कंपनियों की सत्यापन प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद, कंपनियों के नामों की घोषणा की जाएगी।

मंत्री ने कहा, शॉर्टलिस्ट कंपनियों के पास आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा एनालिसिस और झूठी खबरों को रोकने और फैक्ट चेकिंग की प्रक्रियाओं के क्षेत्र में विशेषज्ञता है। कंपनियों के चयन के मानदंड में यह शामिल है कि वे भारतीय हों और उनके पास फैक्ट चेकिंग और संबंधित सर्विस में कम से कम तीन साल का न्यूनतम अनुभव हो। खरगे ने कहा, सरकार भरोसेमंद कंपनियों को प्राथमिकता देगी। उन्होंने बताया कि कुल सात कंपनियों ने सरकार से संपर्क किया था, लेकिन बाकी दो को शामिल करने का निर्णय वेरिफिकेशन होने के बाद ही लिया जाएगा। खरगे ने कहा, ''झूठी खबरों और दुष्प्रचार पर लगाम लगाने के लिए तीन विंग बनाने की योजना है। पहली एक फैक्ट चेकिंग टीम है जो झूठी ख़बरों का पता लगाएगी और उसका समाधान करेगी। दूसरी एक एनालिटिक्स टीम है जो झूठी खबरों के इकोसिस्टम की निगरानी करेगी और तीसरी एक कैपेबिलिटी इंप्रूवमेंट टीम है जो झूठी खबरों और प्रचार के बारे में जागरूकता पैदा करने और लोगों को शिक्षित करने पर ध्यान केंद्रित करेगी।''

नशे में धुत यात्री ने चालक दल के साथ बदसलूकी की, बेंगलूरु हवाई अड्डे पर गिरफ्तार

बेंगलूरु। जयपुर से बेंगलूरु की इंडिगो की उड़ान में सवार कथित तौर पर नशे में धुत एक यात्री बार-बार चेतावनी के बावजूद चालक दल के सदस्यों के साथ दुर्व्यवहार करता रहा, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि 17 नवंबर को विमान से उतरने के बाद 32 वर्षीय यात्री को केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पुलिस को सौंप दिया गया। उन्होंने कहा, ''इंडिगो से प्राप्त शिकायत के आधार पर, हमने भादंसं की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया और यात्री को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया।'' इंडिगो ने एक बयान में कहा कि फ्लाइट '6ई 556' में एक यात्री नशे की हालत में था और बार-बार चेतावनी के बावजूद चालक दल के साथ दुर्व्यवहार करता रहा।

इंटर-स्कूल क्विज़ प्रतियोगिता 'बैटल ऑफ माइंड्स' का आयोजन किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भारतीय सेना द्वारा सोमवार को बेंगलूरु में इंटर-स्कूल क्विज़ प्रतियोगिता 'बैटल ऑफ माइंड्स' का क्वार्टरफाइनल आयोजित किया गया। क्विज़ प्रतियोगिता में 'कारगिल विजय दिवस' समारोह के 25वें वर्ष का जश्न मनाया गया और राष्ट्र निर्माण में सेना की भूमिका पर जानकारी दी गई।

'बैटल ऑफ माइंड्स' - भारतीय सेना क्विज 2023 भारत के सभी जिलों के प्रतिनिधित्व के साथ देशभर के लगभग 1.5 लाख स्कूलों तक पहुंचने की एक पहल है। इसमें देशभर से 1.5 करोड़ विद्यार्थियों के शामिल होने की उम्मीद है।

प्रतियोगिता हाइब्रिड मोड में आयोजित की जा रही है यानी ऑनलाइन और ऑफलाइन, इंटर-कमांड स्तर तक आगे बढ़ते हुए और आखिर में राष्ट्रीय स्तर पर संपन्न होगी।

आंध्र प्रदेश, गोवा, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु के 15 प्रतिष्ठित स्कूलों के प्रतिभागियों ने अपने बुद्धि कौशल और ज्ञान का प्रदर्शन करते हुए इस कार्यक्रम में भाग लिया।

छह टीमों ने क्वार्टर फाइनल में क्वालीफाई किया और अब सेमीफाइनल में अपने स्कूल का प्रतिनिधित्व करेंगी।

इस मेगा इवेंट को परिवर्तनकारी यात्रा में एक उद्घाटन कदम के रूप में देखा जा रहा है। यह भारतीय सेना के अदम्य साहस, देशप्रेम और बहादुरी के मूल्यों को स्थापित करेगा।

विद्यार्थियों के साथ बातचीत के दौरान कर्नाटक और केरल उप क्षेत्र के डिप्टी जनरल ऑफिसर कमांडिंग, ब्रिगेडियर एमआरके राजेश पणिक्कर ने उन्हें प्रेरित किया, सेना में भर्ती होने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए उत्साहवर्धन किया।

सीतारमण ने तेज गेंदबाज मो. सिराज से हैदराबाद में मुलाकात की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को हैदराबाद हवाई अड्डे पर तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज से मुलाकात की। उन्होंने विश्व कप प्रतियोगिता में भारतीय क्रिकेट टीम के शानदार प्रदर्शन के लिये उन्हें बधाई दी। विश्व कप क्रिकेट प्रतियोगिता में भारतीय टीम लगातार 10 मैच जीतने के बाद रविवार को फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया से छह विकेट से हार गयी। हालांकि, पूरी प्रतियोगिता में टीम का प्रदर्शन शानदार रहा। वित्त मंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा है, ''निर्मला सीतारमण ने हैदराबाद में राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर मोहम्मद सिराज से मुलाकात की और क्रिकेट विश्व कप प्रतियोगिता में टीम के शानदार प्रदर्शन के लिये उन्हें बधाई दी।'' वित्त मंत्री ने कहा कि टीम ने पूरी प्रतियोगिता में दृढ़ संकल्प और धैर्य के साथ खेला और पूरे देश को बहुत खुशी तथा गर्व महसूस कराया। वित्त मंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर लिखा है, उन्होंने तेज गेंदबाज का मनोबल भी बढ़ाया और आगामी प्रतियोगिताओं के लिये शुभकामनाएं दीं।''

लोगों को यह मत महसूस कराओ कि उनका खून सस्ता है: उमर

श्रीनगर/भाषा। नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने 2020 अमशीपोरा फर्जी मुठभेड़ मामले में भूमिका के लिए दोषी ठहराए गए सेना के एक कैप्टन को जमानत दिए जाने की आलोचना की। अब्दुल्ला ने इस मामले पर एक सवाल के जवाब में कहा, ''मैं केंद्र से अपील करता चाहता हूं कि वह लोगों से न खेले। यहां लोगों को यह मत महसूस कराइए कि हमारा खून इतना सस्ता है कि हत्या के दोषी पाए गए व्यक्ति को इतनी आसानी से जमानत दे दी जाती है।'' दिल्ली सशस्त्र बल न्यायाधिकरण ने दक्षिण कश्मीर के अमशीपोरा गांव में जुलाई 2020 में हुई योजनाबद्ध मुठभेड़ में तीन लोगों की हत्या के दोषी पाए गए सेना के कैप्टन भूपेन्द्र सिंह की उम्रकैद की सजा निलंबित कर दी। न्यायाधिकरण ने कैप्टन सिंह को सशर्त जमानत भी दे दी और उन्हें अगले साल जनवरी से नियमित अंतराल पर प्रधान रजिस्ट्रार के सामने पेश होने का निर्देश दिया।

हिमाचल सरकार ई-टैक्सी की खरीद पर युवाओं को देगी 50 प्रतिशत सब्सिडी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

शिमला/भाषा। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोमवार को कहा कि 23 साल से अधिक उम्र के बेरोजगार युवाओं को ई-टैक्सी एवं ई-बसों की खरीद के लिए बिना गारंटी वाले कर्ज पर 50 प्रतिशत सब्सिडी दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने 680 करोड़ रुपये की राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना के पहले चरण में ई-टैक्सी योजना की शुरुआत करते हुए यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि सब्सिडी देने का फैसला रोजगार बढ़ाने और हरित पहल के प्रोत्साहन के लिए किया गया है।

इस योजना के तहत ई-टैक्सी की खरीद में 20 लाख रुपये की लागत आने पर राज्य सरकार 10 लाख रुपये की सब्सिडी देगी। इन ई-टैक्सी को विभिन्न सरकारी विभागों की सेवाओं में लगाया जाएगा। इस तरह राज्य सरकार 40,000 रुपये की मासिक आय सुनिश्चित करेगी।

हिमाचल सरकार परिवहन निगम की करीब 3,000 बसों को बदलना चाहती है और इनके स्थान पर ई-बसों का बेड़ा खड़ा किया जाएगा। जल्द ही 350 ई-बसें खरीदी जाएंगी और अगले तीन वर्षों में 1,500 ई-बसें भी खरीदने की योजना है। सुक्खू ने संवाददाताओं के साथ बातचीत में कहा कि 23 साल से अधिक उम्र के युवाओं को ई-बसों एवं ई-टैक्सी की खरीद के लिए कर्ज बिना किसी गारंटी के मुहैया कराया जाएगा। इस कर्ज पर राज्य सरकार 50 प्रतिशत की सब्सिडी भी देगी। यह कदम हिमाचल प्रदेश को वर्ष 2026 तक हरित राज्य बनाने के लिए उठाया जा रहा है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने वाहनों के ऑनलाइन पंजीकरण के लिए परिवहन विभाग की एक वेबसाइट की भी शुरुआत की।

विजयेन्द्र ने की मंत्री प्रियांक खरगे के इस्तीफे की मांग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष विजयेन्द्र येडीयुरप्पा ने मुख्यमंत्री सिद्दरामैया से मंत्री प्रियांक खरगे के इस्तीफे की मांग की है जिन्होंने कलबुर्गी में भाजपा कार्यकर्ता मणिकंठा राठौड़ पर जानलेवा हमला किया था जो पिछला चुनाव मामूली अंतर से हार गए थे।

आज मैसूर दौरे पर मीडियाकर्मियों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि प्रियांक के राजनीतिक गुंडों ने आधी रात के समय राठौड़ पर हमला किया। प्रियांक खरगे शाश्वत सत्ता के भ्रम में हैं। उन्होंने अपने गृह राज्य कल्याण कर्नाटक के कलबुर्गी जिले की घटनाओं को देखते हुए आपत्ति जताई कि उनमें और गुंडागर्दी में कोई अंतर नहीं है। उन्होंने कहा कि यह पड़ोसी जिलों में भी फैलेगा। विजयेन्द्र ने सवाल किया कि मुख्यमंत्री जनता को क्या संदेश दे रहे हैं। जब कोली समुदाय का एक युवक आत्महत्या कर लेता है, तो असमंजस्य में एफआईआर दर्ज कराने की सोचती है। उन्होंने इस बात पर आपत्ति जताई कि एफआईआर में बेनामी नाम शामिल किए गए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों के मामले में राज्य सरकार का व्यवहार और दलित विरोधी व्यवहार निंदनीय है। उन्होंने कहा कि सरकार और मंत्री सत्ता की कुर्सी पर बैठक कर विकास का कार्य करना भूल गए हैं। स्थिति यह आ गई है कि ऐसी सरकार को सत्ता में लाने वाले लोग खुद पर सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने मांग की कि राज्य सरकार इन सभी मामलों को गंभीरता से ले और विकास पर ध्यान दे।

उन्होंने कहा कि भाजपा के सभी वरिष्ठ और नेता आगामी लोकसभा चुनाव मिलकर लड़ेंगे। आज जनता कांग्रेस के प्रशासन से निराश है। इन सबका एक मात्र विकल्प केवल भाजपा ही है। भाजपा ही गरीबों और किसानों के लिए काम सकती है और एक बार फिर इस देश के भविष्य के लिए नरेंद्र मोदीजी को जनता पूरा समर्थन देगी। उन्होंने अनुरोध किया कि राज्य की 28 की 28 सीटें जीतने का प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्हें इस हिस्से में भी बीजेपी का झंडा लहराने का पूरा भरोसा है।

'मैं पार्टी संगठन को मजबूत करने को प्राथमिकता देने जा रहा हूं। हम 28 की 28 लोकसभा सीटें जीतकर मोदीजी का हाथ मजबूत करने जा रहे हैं।' उन्होंने पूरे विश्वास के साथ कहा कि वह कर्नाटक को दक्षिण भारत में बीजेपी का गढ़ बनाएंगे। उन्होंने कहा कि वह यह सुनिश्चित करेंगे कि चुनाव चाहे जो भी हो, कर्नाटक भाजपा के लिए कर्नाटक एक मजबूत किला बने।

'गर्म सांभर' से भरे बर्तन में गिरी दूसरी कक्षा की छात्रा की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कलबुर्गी। कर्नाटक के कलबुर्गी जिले में अफजलपुर तालुक के एक सरकारी स्कूल में 'गर्म सांभर' से भरे बर्तन में दुर्घटनावश गिर जाने से बुरी तरह झुलस जाने के तीन दिन बाद दूसरी कक्षा की छात्रा की बेंगलूरु के एक अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि 16 नवंबर को स्कूल के मध्याह्न भोजन से संबंधित रसोई में हुई इस दुखद घटना के बाद सात साल की महंथम्मा शिवप्पा तलवार गंभीर रूप से झुलस गई थी। पुलिस ने कहा कि घटना के बाद स्कूल के दो कर्मियों और स्कूल में मध्याह्न भोजन योजना के मुख्य रसोइये को निलंबित कर दिया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि बच्ची 40 प्रतिशत जल गई और उसे तुरंत चौड़ापुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उसे प्राथमिक उपचार दिया गया और बाद में आगे के इलाज के लिए जिले के दूसरे अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि उसकी हालत बिगड़ने पर उसे बेंगलूरु के विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां रविवार को उसकी मौत हो गई।

उन्होंने बताया कि पीड़िता की मां से मिली शिकायत के आधार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 304 ए के तहत लापरवाही के कारण मौत का मामला दर्ज किया गया है, लेकिन मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

तेंदुए का शिकार करने को लेकर दो लोग गिरफ्तार

चामराजनगर/दक्षिण भारत । कर्नाटक के चामराजनगर जिले में कथित रूप से तेंदुए का शिकार करने को लेकर दो लोगों को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से इस जीव के अवशेष बरामद किए गए हैं। पुलिस ने सोमवार को बताया कि दोनों संदिग्धों शांतराजू और अर्जुन के पास से दो देशी पिस्तौल जब्त की गयीं। दोनों दोद्दैनदुवाड़ी के रहने वाले हैं। उसने बताया कि कोल्लेगाल ग्रामीण थाने की एक टीम ने उन्हें शनिवार सुबह गिरफ्तार किया।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर चिक्कालुरु के समीप पुलिसकर्मियों की एक टीम ने इन दोनों को पकड़ा और तलाशी लेने पर उनके पास से दो देशी पिस्तौल मिलीं। अधिकारी के अनुसार पूछताछ के दौरान इन दोनों ने चार-पांच दिन पहले एक तेंदुए का शिकार करने और इसमें नटराज नामक एक अन्य साथी की संलिप्तता की बात कबूल की। उन्होंने कहा, ''उन्होंने (दोनों संदिग्धों ने) खुलासा किया कि उन तीनों ने मिलकर कावेरीपुरी में कग्गालीपुरा के जंगलों में एक तेंदुए को मारा और जब वे उसकी खाल उतार रहे थे, तब उन्हें कुछ लोगों के उनके समीप आने की आवाज सुनायी दी।

मुलाकात

मैसूरु में सोमवार को पद्मपुरस्कार से सम्मानित कन्नड़ साहित्यकार डा. एस एल बैरप्पा से भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष विजयेन्द्र येडीयुरप्पा ने मुलाकात की। इस मौके पर विजयेन्द्र ने कहा कि बैरप्पा ने हमेशा इस बात की वकालत की कि देश की सुरक्षा और मजबूती के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी को फिर से प्रधान मंत्री बनना चाहिए, ने मुझे पार्टी के निर्माण में मेरे उत्साहपूर्ण कदम के लिए और अधिक ऊर्जा दी। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव सिद्धराजू, प्रदेश उपाध्यक्ष एम. राजेंद्र, विधायक टीएस श्रीवत्स, महापौर शिवकुमार, नेता आर. रघु कौटिल्य आदि उपस्थित थे।

कर्नाटक परिवार हत्याकांड

नफरत भरी पोस्ट करने के आरोप में युवक पर प्राथमिकी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

उडुप्पी। सोशल मीडिया पर एक हत्यारोपी की हत्या करने के बयान को लेकर कर्नाटक के उडुप्पी जिले में एक युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। युवक ने अपनी पोस्ट में कहा था कि लोगों ने मुस्लिम परिवार के हत्यारे को खत्म करने का मौका गंवा दिया। शिवमोग्गा के हाफिज मुहम्मद के रूप में पहचाने जाने वाले आरोपी पर आईपीसी की धारा 155 और 505 (2) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पोस्ट में आरोपी ने उल्लेख किया कि उडुपी जिले के नेजारू के निवासियों ने प्रवीण चौगले को पीट-पीटकर मारने का आसान मौका गंवा दिया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि आरोपी ने कहा था कि तीन महिलाओं सहित चार लोगों की हत्या के आरोप में गिरफ्तार प्रेमी प्रवीण चोगले को तब पीट-पीट कर मार डाला जाना चाहिए था जब पुलिस उसे जांच के सिलसिले में पीड़ितों के घर ले गई थी।

मामला उडुप्पी साइबर अपराध पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है और पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। इससे पहले, हत्याओं का 'जश्न मनाने' के लिए 'हिंदू मंत्र' इंस्टाग्राम पेज के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। पोस्ट में 12 नवंबर को एक परिवार की तीन महिलाओं और एक लड़के सहित चार लोगों की हत्या करने वाले एक नाराज प्रेमी के कृत्य का महिमामंडन किया गया था, जिसमें दावा किया गया था कि उसने 15 मिनट में चार मुसलमानों की हत्या करके विश्व रिकॉर्ड बनाया है।

पोस्ट में दिखाई गई आरोपी की तस्वीर को क्राउन इमोजी से सजाया गया था। उडुप्पी में साइबर इकोनॉमिक एंड नारकोटिक्स पुलिस स्टेशन (सीईएन) ने जांच शुरू कर दी है और इस संबंध में मामला दर्ज किया है।

इसके अलावा, पोस्ट में कहा गया है कि उडुप्पी टॉयलेट वीडियो मामले में पीड़ित लड़कियों के समर्थन के लिए कोई भी आगे नहीं आया था, और इस मौजूदा मामले में पीड़ितों के लिए समर्थन की इसी तरह की कमी की भविष्यवाणी की गई थी।

सिद्दरामैया सरकार ने पूरे किए छह माह, अपने चुनावी वादों की दिशा में उठाये गए कदमों के बारे में बताया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक में सोमवार को अपनी सरकार के छह माह पूरे होने पर मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने कहा कि उनके प्रशासन ने भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए निर्णायक कदम उठाये हैं और विभिन्न मामलों की संघन जांच शुरू की है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार एक ऐसे राज्य के निर्माण के लिए कटिबद्ध है जो न केवल अपनी जनता की तात्कालिक जरूरतों को पूरी करता हो बल्कि समृद्ध भविष्य की बुनियाद भी डालता हो। इस साल मई में कर्नाटक की 224 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस ने 135 सीट जीतकर बहुमत हासिल किया था और भाजपा से सत्ता छीनी थी। भाजपा को 66 सीट मिली थी।

सिद्दरामैया ने एक बयान में कहा, ''कर्नाटक के मुख्यमंत्री के तौर पर मुझे अपनी सरकार के कार्यकाल के छह माह पूरे होने पर बड़ा गर्व हो रहा है। इस छोटी सी अवधि में हम कर्नाटक के लोगों को सशक्त बनाने तथा अपने राज्य के वास्ते संपोषणीय एवं प्रगतिशील भविष्य बनाने की अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग रहे हैं।''

उन्होंने कहा, ''हमारा शासन मॉडल यानी न्यू कर्नाटक मॉडल इसी प्रतिबद्धता का साक्षी है। यही वह मॉडल है जो जनकल्याण को समग्र विकास के सूत्र में पिरोता है। हमने मार्गदर्शक गारंटी योजनाएं शुरू की है जिन्होंने सीधे जीवन को प्रभावित किया है।''

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा की सुविधा प्रदान करने वाली शक्ति योजना केवल यात्रा सब्सिडी नहीं है बल्कि महिला सशक्तीकरण एवं गतिशीलता में निवेश है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार (सभी परिवारों को 200 यूनिट मुफ्त बिजली की) गृह ज्योति और (बीपीएल परिवार के हर सदस्य के लिए पांच किलोग्राम अतिरिक्त चावल की) अन्न भाग्य योजनाओं ने असंख्य परिवारों का वित्तीय बोझ हल्का कर यह सुनिश्चित किया कि बिजली एवं भोजन कोई लक्जरी नहीं बल्कि एक अधिकार है।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा (हर परिवार की महिला प्रमुख के लिए 2000 रुपये की प्रतिमाह सहायता की) गृहलक्ष्मी योजना बीपीएल परिवारों की मुखिया महिलाओं को सहारा प्रदान करने में मील का पत्थर रही है और इसने यह सुनिश्चित किया कि उनके पास गरिमा के साथ अपने परिवार का खर्चा उठाने के लिए वित्तीय संसाधन हों। उन्होंने कहा कि (बेरोजगार स्नातक युवा के लिए प्रति माह 3000 रुपये तथा डिप्लोमा धारकों को प्रतिमाह 1500 रुपये की) युवा निधि योजना हमारे युवकों के लिए सुरक्षा जाल है जो चुनौतियों के दौर में उनके सपनों को सहारा देती है।

उन्होंने कहा, ''हमारे शासन के केंद्र में भ्रष्टाचार के विरुद्ध हमारा अटल रूख है। हमने भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए निर्णायक कदम उठाये हैं तथा विभिन्न मामलों की जांच शुरू की है।''

अब भी मैं जद(एस) की कर्नाटक इकाई का प्रमुख हूं, अदालत का रुख करूंगा : पार्टी के निलंबित नेता इब्राहिम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जनता दल (एस) के निलंबित नेता सी.एम. इब्राहिम ने सोमवार को दावा किया वह अब भी पार्टी की कर्नाटक इकाई के प्रमुख हैं और नौ दिसंबर को यह पता चल जाएगा कि पूर्व प्रधानमंत्री एच. डी. देवेगौड़ा इसके राष्ट्रीय अध्यक्ष रहेंगे या नहीं। इब्राहिम ने कहा कि पार्टी से अपने निलंबन पर रोक लगाने के लिए वह अदालत का रुख करेंगे और इस सिलसिले में निर्वाचन आयोग को भी पत्र लिखेंगे।

इब्राहिम को पार्टी विरोधी कथित गतिविधियों को लेकर 17 नवंबर को जद(एस) से निलंबित कर दिया गया था। देवेगौड़ा ने इससे पहले 19 अक्टूबर को इब्राहिम को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद से हटा दिया था और अपने बेटे एवं पूर्व मुख्यमंत्री एच.डी. कुमारस्वामी को उनकी जगह नियुक्त किया था। इब्राहिम ने कहा, ''मैं अब भी जद(एस) का प्रदेश प्रमुख हूं। वह (देवेगौड़ा) राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं या नहीं, 9 दिसंबर को पता चल जाएगा...अगर राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों और प्रदेश अध्यक्षों ने उन्हें हटा दिया तो वह (देवेगौड़ा) राष्ट्रीय अध्यक्ष कहां रहेंगे?''

उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, ''मैं अब भी देवेगौड़ा से अपील करता हूं--आप 90 (साल) के हैं, अपने बेटे के लिए भाजपा के साथ नहीं जाइए। उन सिद्धांतों को नहीं त्यागिये जिसके लिए आप आजीवन खड़े रहें। यहां तक कि जब रामविलास पासवान और शरद यादव ने भी छोड़ दिया, लेकिन आप अपनी विचारधारा के साथ खड़े रहें और जनता दल-एस (1999 में जनता दल में टूट के बाद) अस्तित्व में आया।''

विभिन्न राज्यों के जद(एस) नेताओं की एक बैठक पिछले हफ्ते तिरूवनंतपुरम में हुई थी, जिसमें पार्टी का राष्ट्रीय अधिवेशन नौ दिसंबर को बेंगलूरु में आयोजित करने का फैसला किया गया था, ताकि भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल होने के देवेगौड़ा के फैसले को खारिज किया जा सके।

पार्टी से देवेगौड़ा द्वारा निलंबित किये जाने के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में इब्राहिम ने कहा, ''यह क्या पागलपन है? क्या वह खुद पार्टी में हैं?

शोभायात्रा

श्रवणबेलागोला में श्री जैन मठ के धर्म गुरु स्वस्तिश्री अभिनव चारूकीर्ति भट्टारक स्वामीजी का पहला मंगला बिजयंगैव कार्यक्रम हाल ही में कला मंडलियों और भक्तों के जयकारे के साथ भव्य तरीके से आयोजित किया गया था। इस मौके पर एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें मठ के बालकों ने धर्मगुरु की वेशभूषा में शोभायात्रा में भाग लिया।

सविता तीसरी बार सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के अवार्ड के लिए नामांकित

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । वर्ष 2021 और 2022 में एफआईएच गोलकीपर ऑफ द ईयर अवॉर्ड जीतने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम की गोलकीपर सविता को इस साल के एफआईएच हॉकी स्टार्स अवार्ड्स में एक ही श्रेणी में लगातार तीसरी बार नामांकित किया गया है।

इस बारे अपनी खुशी का इजहार करते हुये सविता ने मिले सम्मान को टीम को समर्पित किया और कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं लगातार दो वर्षों तक यह पुरस्कार जीतूंगी, और फिर से नामांकित हो जाऊंगी। मैं वास्तव में बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं और यह मेरे, मेरे परिवार और मेरे साथियों के लिए भी गर्व का क्षण है। जब मैंने खेलना शुरू किया, तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं इतना आगे तक आऊंगी और यह सब मेरे परिवार और मेरे साथियों के समर्थन के कारण है।

पावरग्रिड
POWERGRID
(भारत सरकार का उपक्रम)

लोंडा-मिराज रेलवे विद्युतीकरण परामर्श परियोजना
मकान नंबर 16/87, नेहरू नगर, गोकुल रोड, हुबली, धारवाड़, कर्नाटक

प्रोफॉर्मा 10-01
भारतीय रेलवे
सार्वजनिक सूचना

भारतीय रेलवे के अधीसूचित संपूर्ण मार्गों में स्थित लाइनों और परिसरों के सभी उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि 25000 वोल्ट 50 Hz AC ओवरहेड ट्रैक्शन वायर्स (कर्षण तार) में खंड के सामने दी गयी तिथि पर या उसके बाद बिजली छोड़ी जायेगी। उस दिन से ओवरहेड ट्रैक्शन लाइनों को हमेशा 'लाइव' के रूप में देखा जायेगा और किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को ओवरहेड लाइन के नजदीक जाने या काम करने की अनुमति नहीं होगी।

खंड	दिनांक	क्षेत्र
सुल्धाल-घटप्रभा	25.11.2023	दक्षिण पश्चिम रेलवे

प्रोफॉर्मा 10-02
भारतीय रेलवे 25 KV AC ट्रैक्शन की शुरुआत
सड़क का इस्तेमाल करने वालों के लिये चेतावनी

जनता को सूचित किया जाता है कि भारतीय रेलवे के निम्नलिखित खंड के समक्ष दी गयी तिथियों से 25 KVAC इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन (विद्युत कर्षण) की शुरुआत के संबंध में, प्रत्येक लेवल क्रॉसिंग पर सड़क के स्तर से 4.78 मीटर की स्पष्ट अधिकतम ऊंचाई रखते हुए हाइट गेजेज़ लगाये गये हैं, ताकि ज़्यादा ऊंचाई वाले भारवाहक 'लाइव' ट्रैक्शन वायर्स (कॉन्टैक्ट वायर्स) के संपर्क में या ज़्यादा करीब न आ सकें, जिसकी ऊंचाई लेवल क्रॉसिंग पर रेल के स्तर से अधिकतम 5.5 मीटर होगी।

खंड	दिनांक	क्षेत्र
सुल्धाल-घटप्रभा	25.11.2023	दक्षिण पश्चिम रेलवे

जनता को सूचित किया जाता है कि वाहन को भरने के लिये उपर्युक्त ऊंचाई ध्यान में रखें और ध्यान दें कि सड़क के वाहनों के भार किसी भी स्थिति में हाइट गेजेज़ की सीमा न तोड़ें।
अत्यधिक ऊंचाई के भार के खतरे निम्नलिखित हैं।
i) हाइट गेज को खतरा, जिसके कारण सड़क और रेलवे लाइन पर यातायात बाधित हो सकता है
ii) लाई गयी सामग्री या उपकरण या गाड़ी को खतरा
iii) कंडक्टर्स से संपर्क और घातक नजदीकी के कारण आग का खतरा और जान का जोखिम

स्थानः हुबली
दिनांकः 01.11.2023
महाप्रबंधक
पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
एक महारत्न पीएसयू
SR-II/PR-11/RWP/2023-24/RKSWAMY

महंत शिवमूर्ति शरण पॉक्सो मामले में गिरफ्तार, मिली जमानत

चित्रदुर्गा। चित्रदुर्गा मुरुगराजेंद्र बृहन मठ के महंत को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। उनके खिलाफ पॉक्सो कानून के तहत दर्ज एक मामले में कुछ घंटे पहले ही एक अदालत ने गैर-जमानती वारंट जारी किया था। चित्रदुर्ग में द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश बी के कोमला ने गैर-जमानती वारंट जारी किया था और पुलिस को महंत शिवमूर्ति शरण को मंगलवार तक अपने समक्ष पेश करने का आदेश दिया था। वीडियो कान्फ्रेंसिंग की मदद से हुई पेशी के बाद उन्हें फिर रिहा कर दिया गया।

महंत 'बच्चों का यौन अपराधों से संरक्षण' (पॉक्सो) कानून के तहत दर्ज दो मामलों में से पहले में एक सितंबर, 2022 से हिरासत में थे और उच्च न्यायालय ने उन्हें आठ नवंबर को जमानत दे दी थी। इसके बाद उन्हें 16 नवंबर को यहां जेल से रिहा कर दिया गया। महंत को

रिहा किये जाने के बाद से वह दावनगेरे के विरक्ता मठ में रह रहे थे जहां से उन्हें चित्रदुर्गा पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया।

उच्च न्यायालय ने महंत के खिलाफ पॉक्सो कानून के दो मामलों में से एक में जमानत के लिए अनेक शर्तें लगाई हैं जिनमें मामलों में जांच पूरी होने तक उन्हें चित्रदुर्ग जिले में प्रवेश की अनुमति नहीं मिलना शामिल है। महंत को दो लाख रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही दो जमानत राशि जमा करने पर छोड़ा गया था और साक्ष्यों से छेड़छाड़ या गवाहों को प्रभावित नहीं करने की चेतावनी दी गई थी।

बेंगलूरु कैंटोन्मेंट रेलवे स्टेशन का महोत्सव मनाया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। दक्षिण पश्चिम रेलवे (दपरे) के बेंगलूरु मंडल ने सोमवार को बेंगलूरु कैंटोन्मेंट रेलवे स्टेशन का स्टेशन महोत्सव मनाया। इस अवसर पर अतिरिक्त मंडल रेलवे प्रबंधक (प्रशासन) कुसुमा हरिप्रसाद ने कहा कि रेलवे लोगों को स्टेशनों के इतिहास, विकास और महत्त्व के बारे में जागरूक करने के लिए सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर स्टेशन महोत्सव समारोह का आयोजन कर रहा है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में रेलवे के विकास में मैसूरु के महाराजाओं की महान विरासत है।

उन्होंने कैंटोन्मेंट रेलवे स्टेशन के बारे में कहा कि यह 153 साल पहले शुरू किया गया था, जिसका दौरा पूर्व राष्ट्रपति बाबू राजेंद्र प्रसाद ने भी किया था। महात्मा गांधी ने साल 1920 में इसी स्टेशन के पास एक

विशाल जनसभा को संबोधित किया था। उन्होंने स्टेशन से संबंधित विभिन्न ऐतिहासिक घटनाओं को साझा किया। इस अवसर पर स्टेशन प्रबंधक विजयकुमार, जो एक डाक टिकट संग्रहकर्ता भी हैं, ने रेलवे के विकास से संबंधित डाक टिकटों की एक प्रदर्शनी भी लगाई। समारोह के दौरान रेलवे स्काउट्स और गाइड्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के एक हिस्से के रूप में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। गौरतलब है कि दपरे के बेंगलूरु मंडल ने 17 नवंबर को केएसआर बेंगलूरु स्टेशन पर भव्य शुरुआत के साथ स्टेशन महोत्सव समारोह का आगाज किया था। अब, उत्सव बेंगलूरु कैंटोन्मेंट स्टेशन पर मनाया जा रहा है। मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक त्रिनेत्र केआर ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कृष्णा चैतन्य, आंचलिक रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य वेणु यादव, मंडल रेलवे उपयोगकर्ता सलाहकार समिति के सदस्यों के अलावा कार्यरत और सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी और आम जन मौजूद थे।

राजस्थान की कांग्रेस सरकार के लिए भ्रष्टाचार से बड़ा कुछ नहीं : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए सोमवार को आरोप लगाया कि उसके लिए भ्रष्टाचार से बड़ा कुछ नहीं है और वह दलितों के खिलाफ अत्याचार करने वालों को देखकर आंखों पर पट्टी बांध लेती है। मोदी ने सोमवार को पाली और उसके बाद पीलीबंगा में चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा, आज पूरा देश विकसित होने का लक्ष्य हासिल करने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहा है। भारत 21वीं सदी में जिस ऊंचाई पर होगा, उसमें राजस्थान की भूमिका बहुत बड़ी होगी। इसलिए राजस्थान में ऐसी सरकार जरूरी है जो राजस्थान के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे। उन्होंने कहा दुर्भाग्य से यहां पिछले पांच साल राजस्थान में जो कांग्रेस सरकार रही है, उसने लोगों को विकास में और पीछे धकेल दिया। यहां की कांग्रेस सरकार के लिए भ्रष्टाचार से बड़ा कुछ भी नहीं है। यहां की कांग्रेस के लिए परिवारवाद ही सबकुछ है। उन्होंने आरोप लगाया,जब से महिला को आरक्षण देने वाला कानून नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित हुआ है तब से इन्होंने महिलाओं के विरुद्ध अभद्र अभियान छेड़ दिया है। घमंडिया गठबंधन के नेताओं ने महिलाओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां की हैं।

मोदी ने कहा,बिहार के मुख्यमंत्री ने तो विधानसभा में महिलाओं के प्रति अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया। लेकिन मजाल है कि कांग्रेस के किसी भी नेता ने इसके खिलाफ आवाज उठाई हो। यही कांग्रेस का असली चेहरा है जिसे राजस्थान के लोग पहचान गए हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए महिलाओं में शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए हाल ही में राज्य विधानसभा में एक 'विवादास्पद' टिप्पणी की थी। हालांकि बाद में उन्होंने उसके लिए माफी मांगी थी।

मोदी ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री ने एक पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ भी अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया क्योंकि वह अति पिछड़े परिवार से हैं। उन्होंने कहा, उन्होंने क्यों गालियां दीं क्योंकि पूर्व मुख्यमंत्री अति पिछड़े दलित परिवार से आते हैं इसलिए उनकी बेइज्जती करने में उनको आनंद आता है। कांग्रेस के नेता में इसे इसे गलत कहने का विवेक नहीं है। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर दलितों के खिलाफ अत्याचार की घटनाओं पर आंखें मूंद लेने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा, दलितों के खिलाफ अत्याचार करने वालों को देखकर कांग्रेस आंखों पर पट्टी बांध लेती है। यहां राजस्थान में पांच वर्ष तक दलित परिवारों के साथ हुए अत्याचार पर कांग्रेस ने यही किया है। मोदी ने कहा कि महिला विरोधी कांग्रेस कभी महिलाओं का कल्याण और उनकी सुरक्षा नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने राजस्थान को महिलाओं के खिलाफ अपराध में नंबर एक बना दिया है।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस और उसके साथी सनातन को खत्म करने का ऐलान कर रहे हैं जबकि सनातन को खत्म करने का मतलब है राजस्थान की संस्कृति को खत्म करना।' तमिलनाडु के युवा कल्याण मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने सितंबर में यह आरोप लगाकर विवाद पैदा कर दिया था कि सनातन धर्म सामाजिक न्याय के खिलाफ है और इसलिए इसे खत्म कर दिया जाना चाहिए। राज्य में पेट्रोल की ऊंची कीमतों के लिए सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद पेट्रोल की कीमतों की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार पड़ोस के भाजपा शासित हरियाणा, उत्तर प्रदेश और गुजरात से अधिक कीमत पर पेट्रोल बेच रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में सालाना दो लाख रुपये की आय पर टैक्स लगता था, लेकिन अब सात लाख रुपये तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लगता है। उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष कर में कटौती से 2.5 लाख करोड़ रुपये की बचत हुई है। मोदी ने आरोप लगाया, यहां की कांग्रेस सरकार तुष्टिकरण के अलावा कुछ नहीं सोचती। तुष्टिकरण की राजनीति का असर क्या होता है इसको राजस्थान ने बीते पांच साल में झेला है। कांग्रेस ने राजस्थान को दंगों में झोंक दिया। दंगों एवं आतंकी मानसिकता रखने वालों के हौसले बुलंद हो गए। ऐसी विकृत मानसिकता वाली कांग्रेस को अच्छे से सबक सिखाना जरूरी है। राजस्थान में विधानसभा चुनाव के लिए 25 नवंबर को मतदान है।

जयपुर में पत्नी और दो बेटियों की हत्या करने का आरोपी युवक हिरासत में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। जयपुर के करधनी थाना क्षेत्र में अपनी पत्नी और दो बेटियों की हत्या करने के आरोपी युवक को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। करधनी के थानाधिकारी उदय सिंह ने सोमवार को बताया कि आरोपी अमित यादव (40) ने शुक्रवार की रात को अपनी पत्नी किरण (33) और बड़ी बेटी प्रिया (11) की सोते समय हत्या कर दी थी। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई थी। उन्होंने बताया वारदात के बाद वह अपनी छोटी बेटी रिया (6) के साथ दूसरे कमरे में सो गया, अगले दिन वह रिया को लेकर आसपास के इलाके में घूमता रहा और बाद में उसकी भी रविवार को तड़के हत्या कर फरार हो गया।

सिंह ने बताया कि रविवार को किराये के मकान में से बदबू आने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मकान का ताला तोड़ा तो वहां किरण और प्रिया के शव थे। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिये कांवटिया अस्पताल भेजा गया और महिला के परिजनों को मामले की जानकारी दी गई।

उन्होंने बताया कि मोबाइल फोन की लोकेशन के आधार पर आरोपी को हिरासत में लिया गया और उससे पूछताछ की जा रही है। उत्तर प्रदेश निवासी आरोपी एक फैक्टरी में काम करता है। उन्होंने बताया कि महिला के परिजन पहुंच गये हैं और मेडिकल बोर्ड द्वारा तीन शवों का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। सिंह ने बताया कि परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी। मामले की जांच की जा रही है।

हमने जो वायदे किए, उन्हें निभाएंगे : खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को कहा कि राजस्थान में उनकी पार्टी ने जो चुनावी वादे किए हैं उन्हें पूरा किया जाएगा। खरगे राज्य के सीमावर्ती अनूपगढ़ कस्बे में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा, हमने जो वादे किये हैं, उन्हें हम निभाएंगे, उन्हें पूरा करेंगे। राजस्थान में विधानसभा चुनाव के लिए 25 नवंबर को मतदान होना है। खरगे ने राज्य में कांग्रेस द्वारा दी जा रही दस गारंटियों के बारे में बताया। कांग्रेस ने राज्य में सात गारंटियों की घोषणा करते हुए कहा है कि दोबारा सत्ता में आने पर वह इन्हें लागू करेगी।

इन सात गारंटियों में परिवार की महिला मुखिया को 10,000 रुपये की वार्षिक सम्मान राशि देना, 1.05 करोड़ परिवारों को 500 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर देना, पशुपालकों से दो रुपये प्रति किलो की दर से गोबर की खरीद, सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना का कानून बनाना, सरकारी कॉलेजों में प्रवेश लेने वाले छात्रों को टैबलेट या लैपटॉप देना, प्राकृतिक आपदा से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए प्रति परिवार 15 लाख रुपये तक का बीमा कवर शामिल है।

धर्म के नाम पर वोट मांगने वाले काम के आधार पर वोट नहीं मांग सकते : प्रियंका

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने सोमवार को कहा कि जो लोग धर्म या जाति के नाम पर वोट मांगते हैं, वे अपने काम के आधार पर वोट नहीं मांग सकते। प्रियंका ने केकड़ी (अजमेर) में चुनावी जनसभा में यह बात की। मुख्य विपक्षी दल भाजपा पर एक तरह से निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, धर्म की बात, जाति की बात चुनाव के समय क्यों होती है? जो नेता चुनाव के समय यह बात कर रहा है इसका मतलब है कि इसके आधार पर वोट मांग रहा है। वह कह रहा है कि धर्म या जाति के आधार पर वोट दो, तो इसका मतलब है कि वह काम के आधार पर वोट नहीं मांग सकता।

उन्होंने लोगों से जागरूकता के साथ और सरकार के काम के आधार पर मतदान करने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि राजस्थान में कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता एकजुट होकर चुनावी रणभूमि में उतरे हैं जबकि यहां भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह बिखरी हुई है। उन्होंने कहा कि पार्टी के बड़े बड़े स्थानीय नेताओं को किनारे कर दिया गया है। प्रियंका ने आरोप लगाया कि भाजपा की नीति बड़े उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने की है, वह गरीबों और मध्यम वर्ग के बारे में नहीं सोचती। उन्होंने कहा, आपसे खींचना और बड़े-बड़े उद्योगपतियों को सींचना। यह उनकी नीति है।

कांग्रेस नेता ने लोगों से पार्टी के उम्मीदवारों को जिताने की अपील करते हुए आगाह किया कि अगर राज्य में भाजपा की सरकार बनी तो वह मौजूदा कांग्रेस सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाएं बंद कर देगी। उन्होंने कांग्रेस सरकार द्वारा दी जा रही दस गारंटियों का भी जिक्र किया। कांग्रेस ने राज्य में सात गारंटियों की घोषणा करते हुए कहा है कि दोबारा सत्ता में आने पर वह इन्हें लागू करेगी। इन सात गारंटियों में परिवार की महिला मुखिया को 10,000 रुपये की वार्षिक सम्मान राशि देना, 1.05 करोड़ परिवारों को 500 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर देना, पशुपालकों से दो रुपये प्रति किलो की दर से गोबर की खरीद, सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना का कानून बनाना, सरकारी कॉलेजों में प्रवेश लेने वाले छात्रों को टैबलेट या लैपटॉप देना शामिल है।

राजसमंद में नड्डा ने कहा : कांग्रेस ने तीनों लोक में घोटाला किया,ये कांग्रेस का इतिहास है

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

राजसमंद। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा की राजसमंद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर निशान साधते हुए कहा कांग्रेस ने तीनों लोक में घोटाला किया। ये कांग्रेस का इतिहास है। कांग्रेस ने पनडुब्बी घोटाला किया, कांग्रेस ने हेलीकॉप्टर घोटाला किया,कांग्रेस ने 2g घोटाला किया,कांग्रेस ने कॉमनवेल्थ घोटाला किया,कांग्रेस ने कोयला घोटाला किया,कांग्रेस ने चावल घोटाला किया है।

उन्होंने कहा राजस्थान की धरती पर 'सेवा और सुशासन' का कमल खिलने जा रहा है।गहलोत सरकार, जिनकी नीयत में हमेशा खोट रहा, उन्होंने राजस्थान के गौरव को बहुत गहरी चोट पहुंचाई है। उस चोट का बदला लेने का मौका 25 नवंबर होगा और नतीजा 3 दिसंबर होगा।राजस्थान वीरों, संतों, अध्यात्म और पगड़ी की लाज रखने वाली भूमि है। इस भूमि पर गहलोत सरकार ने ग्रहण लगा दिया।

नड्डा बोले कांग्रेस ने कहा था, किसानों का कर्जा माफ करेंगे। आज राजस्थान में 19 हजार 400 किसानों की जमीन कुर्क हो चुकी है। इन किसानों को न्याय दिलाने का एक ही रास्ता है, कमल को वोट दें।राजस्थान में गहलोत सरकार के दौरान राम नवमी की यात्रा को रोका गया, कावड़ यात्रा को रोका गया, 300 साल पुराना मंदिर ढहा दिया, 18 से अधिक संतों की हत्या हुई, मंदिरों का अपमान हुआ।

कांग्रेस की जनता के लिए सात गारंटी जनता एवं कांग्रेस की ताकत : गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अलवर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि कांग्रेस की जनता के लिए सात गारंटी राजस्थान की जनता की ताकत के साथ-साथ कांग्रेस की ताकत है। गहलोत सोमवार को यहां कांग्रेस प्रत्याशी अजय अग्रवाल के समर्थन में कंपनी बाग में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का नाम लिए बिना कहा कि उनके पास ईडी है तो हमारे पास जनता के लिए गारंटी है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी कच्ची है और चुनाव के बाद पांच साल तक मोदी राजस्थान में नहीं आएंगे। काम तो राजस्थान के सरकार को करना होता है और किसी को मुख्यमंत्री पद पर थोप देंगे।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी सहित भाजपा नेता जाति और धर्म के नाम पर भड़का रहे हैं। लोकतंत्र खतरे में हैं उनके नेताओं के भाषण एक ही तरह के होते हैं। इनको अगर चर्चा करनी है तो कांग्रेस सरकार के कार्यकाल की करनी चाहिए। हमने जो पांच साल में काम किया है उसकी आलोचना करो। कहीं कोई कमी है उस पर बात करें लेकिन उनके पास कोई विजन नहीं है।

गहलोत ने कांग्रेस सरकार की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने गारंटी दी है। कानून बनाए हैं। ग्रामीण इलाके में रोजगार के साथ शहरों में भी रोजगार योजना लागू की है। 25 लाख रुपए तक का बीमा दिया गया है। सौ यूनिट बिजली फ्री दी है। पेपरलीक का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि गुजरात, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, बिहार सहित कई राज्यों में पेपरलीक हुए हैं लेकिन भाजपा के नेता राजस्थान के पेपर लीक की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि पूरे देश में जब पेपर लीक हो रहे हैं ऐसे में प्रधानमंत्री को देखना चाहिए कि आखिर इसके पीछे क्या कारण है कि पेपरलीक हो रहे हैं। कौन से गिरोह काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पेपरलीक को लेकर राजस्थान में कानून बनाए गए हैं और 200 लोग गिरफ्तार किए गए हैं जो इसमें शामिल हैं बुलडोजर से उनके मकान गिराए गए हैं और आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

गौ सेवा को लेकर उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार गायों पर बहुत कम कर रही है और अब तो दो किलो गोबर भी खरीद रही है कि वह गायों के लिए कांग्रेस सरकार ने अनुदान दिया है लंपी बीमारी के दौरान भी काम किया है। बीमार गायों को लेकर गोपालको को अनुदान दिया गया। यह वाले गायों को लेकर भाजपा गो भक्त बनते हैं। यह ढोंगी लोग हैं।उन्होंने कहा कि सरकार रिपीट होती है तो अभी महिलाओं को 40 लाख महिलाओं को मोबाइल दिए हैं। महिलाओं को एक करोड़ और मोबाइल बांटे जाएंगे।

राजस्थान में सत्ता विरोधी माहौल नहीं : डोटासरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सीकर। राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के बाद अब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भी कहा है कि मुख्यमंत्री पद का फैसला विधायकों से राय ले कर चुनाव के बाद पार्टी आलाकमान करेगा जो सबको स्वीकार होगा। डोटासरा ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए गए साक्षात्कार में मुख्यमंत्री पद के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में कहा हमारी पार्टी का पहले से एक स्पष्ट रुख है। हम पहले से कभी मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित नहीं करते। जो विधायक जीतेंगे, पार्टी आलाकमान उनसे राय लेकर फैसला करेगा जो सबको स्वीकार होगा। हम वह फैसला मानेंगे, पहले भी मानते आए हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ लोगों की नाराजगी नहीं है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का चेहरा कर्नाटक एवं हिमाचल प्रदेश के बाद राजस्थान में भी नाकाम होगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के करीबी माने जाने वाले डोटासरा ने गहलोत और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच के मतभेदों से जुड़े सवाल पर कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख नेताओं के बीच कोई कभी मनभेद नहीं रहा है तथा सभी एकजुट होकर चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा हमारे बीच कभी मनभेद नहीं रहे। सभी एकजुट होकर चुनाव लड़ रहे हैं और इस चुनाव में हम जीतेंगे। पूर्व मंत्री डोटासरा सीकर जिले की लक्ष्मणगढ़ विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं जहां से वह पिछले तीन बार लगातार निर्वाचित हुए हैं।

उन्होंने कहा, राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने बहुत अच्छा काम किया है और उसके खिलाफ कोई माहौल, कोई नाराजगी नहीं है। पहले महंगाई राहत कैम्प में जो 10 गारंटी दी गई थीं, वह प्रभावी हैं। फिर सात गारंटी और दी गईं जो जनता को आकर्षित कर रही हैं।' उन्होंने दावा किया कि जनता समझ रही है कि 17 गारंटी कांग्रेस ही दे सकती है क्योंकि भाजपा के पास न कोई दृष्टिकोण है, न कोई गारंटी है। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने यह आरोप भी लगाया कि भाजपा केंद्र के अपने 10 साल के शासन के बारे में ऐसा कोई काम नहीं बता पा रही है जिससे जनता उसे वोट दे। डोटासरा के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी राजस्थान विधानसभा चुनाव में कोई 'फैक्टर' नहीं हैं।

उन्होंने दावा किया, प्रधानमंत्री राजस्थान में जितना आ रहे हैं उतना ही भाजपा के प्रति लोगों में विरोध बढ़ रहा है... इस चुनाव में निश्चित रूप से कांग्रेस को बढ़त है.... मोदी जी का चेहरा कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में विफल हो चुका है, अब राजस्थान में भी यही होगा।

भाजपा के सभी नेताओं की भाषा एक जैसी : गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोमवार को कहा कि राज्य में चुनाव प्रचार के लिए आ रहे भारतीय जनता पार्टी के सभी नेताओं की भाषा एक जैसी है और वे मुद्दे की बात ही नहीं करते। इसके साथ ही गहलोत ने कहा कि अगर केंद्र सरकार पेट्रोल के दाम कम करना चाहती है तो उसे उत्पाद शुल्क घटाना चाहिए। गहलोत ने यहां संवाददाताओं से कहा, भाजपा के जितने भी नेता आ रहे हैं.. चाहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हों, गृह मंत्री अमित शाह हों या कोई केंद्रीय मंत्री या अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री हों, ... सबके भाषण एक जैसे ही हैं। पांच साल में हमने दलितों, पिछड़ों, युवाओं और किसानों के लिए जो काम किया, उस पर कोई बहस नहीं हो रही।

बिहार: लोक आस्था का चार दिवसीय छठ महापर्व उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हुआ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

पटना/भाषा। बिहार के सबसे लोकप्रिय त्योहार छठ के चौथे और अंतिम दिन सोमवार को व्रतियों ने राज्यभर में गंगा समेत अन्य नदियों और तालाबों के किनारे पानी में खड़े होकर उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद पारण किया।

इसी के साथ भगवान भास्कर की आराधना के प्रति समर्पित यह चार दिवसीय महापर्व संपन्न हो गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के एक अणे मार्ग स्थित अपने सरकारी आवास पर बनाए गए एक जल कुंड में परिवार के करीबी सदस्यों, जिन्होंने व्रत रखा था, के साथ उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया । नहाय-खाय के साथ शुक्रवार को शुरू हुए सूर्य उपासना के चार दिवसीय इस महापर्व के दूसरे दिन खरना के बाद व्रतियों का शुरू हुआ 36 घंटों का निर्जला उपावास रविवार की शाम अस्ताचलगामी और सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद पारण के साथ पूरा हो गया। चार दिवसीय इस महापर्व के दौरान पूरा प्रदेश में छठी मैया के भक्तिमय गीतों की गूंज सुनी गई। छठ पर्व के दौरान प्रदेश के किसी भी भाग से अब तक किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं प्राप्त हुई है। छठ पर्व के मद्देनजर पटना के विभिन्न घाटों सहित प्रदेश में अन्य स्थानों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी ड्यूटी पर तैनात थे।

राममंदिर के भूतल व प्रथम तल का निर्माण दिसंबर में होगा पूरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अयोध्या/वार्ता। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी में श्रीरामजन्मभूमि पर बन रहे दिव्य और भव्य मंदिर का निर्माण अगले वर्ष दिसम्बर तक पूरा होगा। तीन चरणों में हो रहे इस मंदिर के पहले चरण में भूतल व प्रथम तल का निर्माण इसी वर्ष दिसम्बर तक पूरा हो जायेगा।

श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुसार अगले साल 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अगले दिन से ही राम मंदिर आम श्रद्धालुओं के लिये खुल जायेगा। प्राण प्रतिष्ठा पर आम भक्तों को 48 घंटे रामलला का दर्शन नहीं हो पायेगा। उसके ऊपर के तलों पर निर्माण कार्य चलता रहेगा। राम मंदिर के भूतल के गर्भगृह में ही रामलला विराजमान होंगे। भूतल का काम पूरा हो

चुका है। 166 स्तम्भों पर काम चल रहा है। भूतल पर लगने वाले 18 दरवाजों को लगाकर उसका ट्रायल हो चुका है। उन्हें उतारकर उस पर सोना जड़ने का काम हो रहा है। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि फर्श पर विशेष नक्काशी का काम जारी है। इसके साथ प्रथम तल पर भी काम चल रहा है। 132 स्तम्भों पर काम के साथ-साथ छत ढालने का काम बाकी है। यह काम भी प्राण प्रतिष्ठा से पहले पूरा हो जायेगा। भूतल व प्रथम तल पर काम इसी वर्ष दिसम्बर में पूरा हो जायेगा। अगले वर्ष जनवरी से रामभक्तों को दर्शन के साथ ही राम मंदिर निर्माण का भव्य नजारा देखने को मिलेगा। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण के निर्माण कार्य में तीनों तलों के निर्माण का कार्य पूरा हो जायेगा।

फंसे श्रमिकों के जीवन को सुरक्षित रखने हेतु डाली गई दूसरी पाइप लाइन

देहरादून/वार्ता। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में स्थित सिलक्यारा सुरंग में चल रहे रेस्क्यू अभियान में सोमवार को एक महत्वपूर्ण कामयाबी मिली है। सुरंग के अवरुद्ध हिस्से में छह इंच की पाइपलाइन बिछाकर सेकेंडरी लाइफ लाइन बनाने के लिए की जा रही ड्रिलिंग पूर्ण कर मलवे के आर पार 53 मीटर लंबी पाइपलाइन डाल कर इसके जरिये फंसे शमिकों तक खाद्य सामग्री पहुचाने की तैयारी की जा रही है।

आज शाम लगभग साढ़े चार बजे एनएचएआईडीसीएल के निदेशक अंशुमनीष खलखो,जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला और टनल के भीतर संचालित रेस्क्यू अभियान के प्रभारी कर्नल दीपक पाटिल ने मीडिया को यह जानकारी देते हुए बताया कि गत नौ दिनों से चल रहे रेस्क्यू की इस पहली कामयाबी के बाद शमिकों को जल्द से जल्द सुरक्षित निकालने के अहर्निश प्रयास तेजी से संचालित किए जाएंगे। सुरंग में फंसे शमिकों के जीवन की रक्षा के लिए अबतक चार इंच की पाइपलाइन ही लाइफलाइन बनी हुई थी।

अब सेकेंड्री लाइफ लाइन के तौर पर छह इंच व्यास की पाइप लाइन मलवे के आरपार बिछा दिए जाने के बाद शमिकों तक बड़े आकार की सामग्री व खाद्य पदार्थ तथा दवाएं और अन्य जरूरी साजो सामान के साथ ही संचार के उपकरण भेजने में सहूलियत होगी। जिससे अंदर फंसे शमिकों के जीवन को सुरक्षित बनाये रखने का भरोसा कई गुना बढ़ा है।

झारखंड: छठ व्रतियों ने उगते सूर्य को अर्घ्य दिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

रांची/भाषा। झारखंड भर में लाखों पुरुषों और महिलाओं ने राज्य के सबसे लोकप्रिय त्योहार छठ के आखिरी दिन सोमवार को उगते सूरज को अर्घ्य दिया। भक्ति गीतों और पटाखों के बीच 36 घंटे का कठिन उपवास रखने वाले व्रतियों ने राज्य के विभिन्न घाटों में उगते सूर्य को 'उषा अर्घ्य' दिया। बहुत से लोगों को पूजा में इस्तेमाल होने वाली सामग्री से भरी टोकरियों को नदियों और अन्य जलाशयों के तटों पर बने घाटों तक ले जाते हुए देखा गया।

ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास ने परिवार के सदस्यों के साथ जमशेदपुर में सूर्य नमस्कार किया, जबकि विभिन्न राजनीतिक दलों के कई सांसदों और विधायकों ने अपने स्थानों पर पूजा की। श्रद्धालु सुबह-सुबह नदियों और जलाशयों के घाटों पर पहुंचे और उगते सूर्य को अर्घ्य दिया। चार दिवसीय पर्व 17

नवंबर को 'नहाय खाय' के साथ शुरू हुआ, जब श्रद्धालु और उनके परिवार के सदस्य स्नान के बाद सात्विक भोजन करते हैं। इसके एक दिन बाद 'खरना' होता है जब चावल की खीर और रोटी का 'प्रसाद' परिवार और दोस्तों के साथ साझा किया जाता है। त्योहार का समापन सोमवार की सुबह उगते सूर्य की पूजा के साथ हुआ, जिसके बाद श्रद्धालु फलों और 'ठेकुआ' के साथ अपना उपवास तोड़ते हैं। राहत की बात है कि किसी भी जगह से अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। सुरक्षाकर्मियों ने सुबह श्रद्धालुओं की पूजा पूरी करने में मदद की।

भारत की आत्मा है गोवंश: राय

अयोध्या/वार्ता। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने कहा कि गाय विश्व की माता है और भारत की तो यह आत्मा ही है। विहिप के मुख्यालय कारसेवकपुरम् की श्रीराम गौशाला में गौवंशों का वैदिक रीति से पूजन करने के बाद राय ने सोमवार को कहा कि गाय ही विश्व की माता है। भारत की तो यह आत्मा ही है। गौपालन से परिवारों पर बोझ नहीं बल्कि परिवार सुखी सम्पन्न होगा। गौसेवा करने वाला मनुष्य हर संकटों से मुक्त रहता है इसलिए गौवंश का संरक्षण संवर्धन हर हाल में होना चाहिये। कृषि कार्यो से गोवंश को विरक्त करने के बढ़ते प्रचलन को हानिकारक बताते हुये उन्होंने कहा कि अधिक पैदावार और कठिन परिश्रम से बचने के लिये हमें अपने मूल्य को त्यागना श्रेयस्कर नहीं है। गौवंश की सुरक्षा ही हमारा कर्तव्य हो। दूध न देने वाली गौ का लालन-पालन उतना ही आवश्यक है जितना हमारे घर के वृद्धजनों का होता है।

तीन एक्सप्रेस ट्रेनों का शुभारंभ करेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जमशेदपुर/वार्ता। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार को ओडिशा के बादामपहाड़ रेलवे स्टेशन पर तीन एक्सप्रेस ट्रेनों का शुभारंभ करेंगी और बादामपहाड़ रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला रखेंगी।

राष्ट्रपति इस मौके पर बादामपहाड़ स्टेशन से रायरंगपुर तक करीब 32 ट्रेन में यात्रा भी करेंगी। यह पहला अवसर होगा जब भारतीय राष्ट्रपति किसी साधारण ट्रेन में सवारी करेंगी। दरअसल बादामपहाड़ श्रीमती मुर्मू का पैतृक क्षेत्र है। उनकी ससुराल और मायका दोनों ही बादामपहाड़ के समीप ही है। इस तरह से झारखंड एवं ओडिशा का आदिवासी क्षेत्र कोलकात्ता और राउरकेला जैसे औद्योगिक एवं आधुनिक शहरों से जुड़ जाएंगे।

रेल मंत्रालय के अनुसार कल सुबह राष्ट्रपति बादामपहाड़ स्टेशन पहुंचेंगी। इस मौके पर ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान उपस्थित रहेंगे। राष्ट्रपति जिन ट्रेनों को हरी झंडी दिखा कर शुभारंभ करेंगी

उनमें 18049/18050 शालीमार-बादामपहाड़ -शालीमार साप्ताहिक एक्सप्रेस, 18051/18052 बादामपहाड़ -राउरकेला -बादामपहाड़ साप्ताहिक एक्सप्रेस और 08147/08148 टाटानगर बादामपहाड़ -टाटानगरमेमू सेवा शामिल है। श्रीमती मुर्मू अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बादामपहाड़ रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास का शिलान्यास करेंगी। उल्लेखनीय है कि टाटानगर से बादामपहाड़ तक रेलवे की मीटरगेज की ब्रांच लाइन हुआ करती थी जिसे कुछ वर्ष पहले ब्रॉड गेज में परिवर्तित किया गया था। कोविड काल में यह विद्युतीकृत भी हो गई है। यह पहला मौका है जब इस लाइन पर एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन शुरू होने जा रहा है।

ओडिशा के नयागढ़ में तेंदुए की खाल के साथ एक गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

भुवनेश्वर/भाषा। ओडिशा के नयागढ़ जिले में एक व्यक्ति को तेंदुए की दो खाल के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए राज्य पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने रविवार को दासपल्ला इलाके में कुआंरिया बांध के डियर पार्क के पास छापेमारी की और खाल जब्त की गई। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि खाल को जांच के लिए देहरादून स्थित भारतीय वन्यजीव संस्थान भेजा जाएगा।

सुरंग में फंसे 40 लोगों का मामला पहुंचा हाईकोर्ट, राज्य से 48 घंटे में मांगा जवाब

नैनीताल/वार्ता। उत्तरकाशी के सिलक्यारा में 40 मजदूरों के टनल में फंसने का मामला सोमवार को उत्तराखंड उच्च न्यायालय पहुंच गया। उच्च न्यायालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए राज्य सरकार से 48 घंटे में जवाब देने को कहा है। इस मामले को देहरादून की समाधान नामक गैर सरकारी संस्था (एनजीओ) की ओर से एक जनहित याचिका के माध्यम से चुनौती दी गयी है। साथ ही इस प्रकरण की सुनवाई कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की युगलपीठ में हुई।

याचिकाकर्ता की ओर से अदालत को बताया गया कि उत्तरकाशी के सिलक्यारा में चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना के तहत 4.5 किमी लंबी सुरंग का निर्माण किया जा रहा है। पिछले 12 नवम्बर को सुरंग का एक हिस्सा ढहने से 40 मजदूर टनल में फंस गये। राज्य सरकार अभी तक मजदूरों को बाहर निकालने में विफल साबित हुई है। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि सुरंग निर्माण से पूर्व टनल में मजदूरों की सुरक्षा के लिये कोई सुरक्षात्मक उपाय नहीं किये गये और न ही ऐसे उपकरण मौके पर मौजूद थे।

याचिकाकर्ता की ओर से आगे कहा गया कि यह एक आपराधिक मामला है और इस मामले की जांच विशेष अन्वेषण दल (एसआईटी) से करायी जाये। याचिकाकर्ता की ओर से यह भी कहा गया कि प्रदेश में लगातार ऐसे कई हादसे सामने आ रहे हैं और प्रदेश सरकार गरीब मजदूरों के लिये आज तक कोई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार नहीं कर पायी है।

अब युवा खिलाड़ियों के कंधों पर होगा भारतीय क्रिकेट की विरासत को आगे बढ़ाने का जिम्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/भाषा। भारत की फाइनल में हार के बाद भावशून्य हो चुके विराट कोहली उपविजेता का पदक लेने के लिए जाने से पहले उन्हीं की तरह भावशून्य दिख रहे शुभमन गिल से हाथ मिलाते हैं और उन्हें गले लगाते हैं। यह भारतीय क्रिकेट टीम के लिए रविवार की अश्रुपूरित रात का सबसे मार्मिक क्षण था। भारत के तीसरा विश्व कप नहीं जीत पाने के बाद यह भारतीय क्रिकेट का जिम्मा अगली पीढ़ी को सौंपने का भी स्पष्ट संकेत था।

कोहली, रोहित शर्मा और मोहम्मद शमी जैसे खिलाड़ी अभी कुछ समय तक बने रहेंगे लेकिन भारतीय क्रिकेट को आगे ले जाने की जिम्मेदारी अब युवा पीढ़ी के कंधों पर होगी। इन खिलाड़ियों में गिल (24 वर्ष), श्रेयस अय्यर (28), इशान किशन (25), रुतुराज गायकवाड़ (26), यशस्वी जयसवाल (21) और चोट से उबर रहे ऋषभ पंत (26) शामिल हैं जिनकी पहली परीक्षा अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप में होगी। इन खिलाड़ियों को शीर्ष स्तर पर खेलने का पर्याप्त अनुभव है और कई अवसरों पर वे अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं लेकिन कोहली और रोहित जैसे खिलाड़ियों की विरासत को आगे बढ़ाना आसान काम नहीं होगा। पिछले डेढ़ दशक में इन खिलाड़ियों ने विश्व क्रिकेट में अपनी विशेष जगह बनाई है तथा अपने कौशल, स्थायित्व और मानसिक दृढ़ता का शानदार परिचय दिया है। उन्होंने कप्तानी के अतिरिक्त बोझ को भी अच्छी तरह से झेला है। ऐसे में भारत के लिए भविष्य का कप्तान कौन होगा।

विराट को आउट करके दर्शकों को खामोश करना सबसे संतोषजनक रहा : पैट कमिंस

अहमदाबाद/भाषा। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस के लिए विश्व कप फाइनल में विराट कोहली को आउट करके नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मौजूद 90 हजार दर्शकों को खामोश करना सबसे संतोषजनक पल रहा। ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां भारत को 6 विकेट से हराकर अपना छठा वनडे विश्व कप जीता। कमिंस ने बाद में कहा कि उन्हें 50 ओवर के प्रारूप से फिर से प्यार हो गया है। कोहली जब 54 रन पर खेल रहे थे तब कमिंस ने उन्हें अतिरिक्त उछाल लेती गेंद पर आउट किया। कमिंस से जब पूछा गया कि क्या स्टेडियम में मौजूद दर्शकों को खामोश करना उनके लिए सबसे संतोषजनक पल रहा, उन्होंने कहा, ''हां मुझे ऐसा लगता है। हमने दर्शकों की खामोशी को स्वीकार करने के लिए एक सेकंड का समय लिया। ऐसा लग रहा था कि यह भी उन दिनों में से एक दिन है जिसमें वह शतक लगाएगा, जैसा कि वह आमतौर पर करता है और इसलिए यह संतोषजनक था। '' ऑस्ट्रेलिया के कप्तान का मानना है कि वनडे विश्व कप बने रहना चाहिए क्योंकि अपनी विरासत है और खिलाड़ियों के पास कहने के लिए अपनी कहानियां हैं। कमिंस ने कहा, मैं यह जरूर कहना चाहूंगा कि मुझे इस विश्व कप में वनडे से फिर से प्यार हो गया है। ऐसा इसलिए भी हो सकता है क्योंकि हमने जीत दर्ज की है। यह ऐसा टूर्नामेंट है जिसमें हर मैच वास्तव में मायने रखता है।

केवल महिला ही नहीं कोई भी यात्री ट्रेन में सुरक्षित नहीं : गायत्री बिशनोई

नई दिल्ली/वार्ता। राजस्थान के जयपुर से श्री गंगानगर तक यात्रा कर रही महिला यात्री गायत्री बिशनोई के लिए 19 नवंबर को ट्रेन संख्या 22997 के एचए-1/21 कोच में सफर किसी दु:स्वप्न से कम नहीं था जब उसी ट्रेन के तीन पुरुष शराबी यात्री उत्पात मचाते हुए उनके साथ दुर्व्यवहार कर रहे थे और शायद यही वजह है कि सुश्री बिशनोई ने कहा, ट्रेन में केवल महिला ही नहीं कोई भी यात्री सुरक्षित नहीं है।

सुश्री बिशनोई ने कहा, बड़ी हैरानी की बात है, रात एक बजे ट्रेन में कुछ बदमाश खुलेआम नशे का सेवन कर, गंदी गालियों से यात्रियों को परेशान कर रहे थे। मैंने शिकायत करने की कोशिश की तो पाया कि ट्रेन में एक भी आरपीएफ़/जेआरपीएफ तैनात नहीं है। मेरे टीटी द्वारा शिकायत करने पर एक घंटे बाद पुलिस आई। इसी बीच बदमाश मुझे धमकियाँ दे रहे होते है। वो तो सहायक यात्रियों की मदद से में पूरे मामले में पुलिस के आने तक डटी रही। यदि इस एक घंटे के दौरान कोई दुर्घटना घट जाती तो उसका ज़िम्मेदार कौन होता। रेलवे ने शिकायतकर्ता सुश्री गायत्री विश्नोई से संपर्क किया गया और उन्हें आश्वासन दिया कि उसकी शिकायत की निगरानी रेल मंत्रालय के वॉर रूम द्वारा की जा रही है और शराबी व्यक्तियों/अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मंडल सुरक्षा नियंत्रण जोधपुर के आरपीएफ अधिकारियों को उक्त ट्रेन को अटेंड कर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया। रेल मंत्रालय के वॉर रूम से निर्देश मिलने के बाद डेगाना जंक्शन के आरपीएफ अधिकारियों ने कोच संख्या में यात्रा कर रहे तीन व्यक्तियों/यात्रियों को पकड़ा।

स्वामी प्रसाद मौर्य चर्चा में बने रहने के लिए ऊल-जलूल बयान देते हैं : दयाशंकर सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बलिया (उप्र)/भाषा। उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने सोमवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता स्वामी प्रसाद मौर्य पर सीधा प्रहार करते हुए कहा कि मौर्य की राजनीति समाप्त हो गयी है और वह चर्चा में बने रहने के लिए हिंदू समाज को लेकर ऊल-जलूल बयान देते हैं।

परिवहन मंत्री सिंह ने यहां जिला मुख्यालय पर पत्रकारों से बातचीत में हिंदू समाज को लेकर सपा के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य के हालिया बयान की भर्त्सना की। सिंह ने कहा 'मौर्य पिछला विधानसभा चुनाव हारने के बाद विचलित हो गए हैं। वह चर्चा में बने रहने के लिए हिंदू समाज को लेकर ऊल-जलूल बयान देते हैं।'

सिंह ने दावा किया कि मौर्य की राजनीति समाप्त हो गई है, समाज के लोग अब उनको तवज्जो नहीं देते

तथा जनता ने उन्हें नकार दिया है। उधर विधानसभा में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के नेता उमाशंकर सिंह ने कहा 'भगवान सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य को सद्बुद्धि दें। मौर्य जो धर्म चाहें उसे मानें लेकिन किसी भी धर्म को लेकर टिप्पणी करना उचित नहीं है।' बसपा विधायक सिंह रविवार की रात को जिले के खनवर गांव में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। हाल ही में स्वामी प्रसाद मौर्य ने सवाल उठाया था कि देवी लक्ष्मी के चार हाथ कैसे हो सकते हैं? इससे विवाद हो गया था। पूर्व में रामचरितमानस और बद्रीनाथ मंदिर पर मौर्य की टिप्पणियों से भी विवाद उठा था।

पुलिस को कोलकाता में अमित शाह की जनसभा के लिए अनुमति देनी चाहिए: उच्च न्यायालय

कोलकाता/भाषा। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सोमवार को कहा कि पुलिस अधिकारियों को 29 नवंबर को कोलकाता में एक जनसभा आयोजित करने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को अनुमति देनी चाहिए जिसे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह संबोधित करने वाले हैं।

भाजपा ने कोलकाता के एस्प्लेनेड में जनसभा की अनुमति देने के लिए पुलिस को निर्देश देने का अनुरोध करते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया है और दावा किया है कि अधिकारियों ने दो बार इनकार कर दिया था।

न्यायमूर्ति राजशेखर मंथा ने कहा कि यह एक स्वतंत्र देश है, अधिकारियों को उस तिथि पर जनसभा आयोजित करने की अनुमति देनी चाहिए। न्यायमूर्ति मंथा ने कहा कि पुलिस उचित प्रतिबंध लगा सकती है जिसे वे आयोजकों को बता सकते हैं। उन्होंने कहा कि मामले पर बुधवार को सुनवाई होगी।

याचिकाकर्ता के वकील श्रीजीब चक्रवर्ती ने दावा किया कि भाजपा ने पहले 28 नवंबर को बैठक आयोजित करने की अनुमति के लिए आवेदन किया था, लेकिन इसे अस्वीकार कर दिया गया क्योंकि इसे निर्धारित समय से पहले नहीं प्रस्तुत किया गया था। उन्होंने कहा कि 29 नवंबर को जनसभा आयोजित करने की अनुमति के लिए दोबारा आवेदन भेजा गया था, लेकिन अनुमति नहीं दी गई।

यह असंभव है कि भारत जैसा देश विश्व फुटबॉल मानचित्र पर नहीं हो: आर्सीन वेंगर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। महान कोच आर्सीन वेंगर का कहना है कि 'बहुत कम समय में' भारतीय फुटबॉल को विकसित करना 'संभव' है और वह इस एशियाई देश की भागीदारी के बिना इस खेल के विकास की कल्पना नहीं कर सकते। आर्सेनल के पूर्व मैनेजर के उत्साहवर्धक शब्द मंगलवार को कतर के खिलाफ भारतीय टीम के विश्व कप क्वालीफायर से पहले आए हैं।

वर्तमान में फीफा के वैश्विक फुटबॉल विकास प्रमुख वेंगर ने सोमवार को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) मुख्यालय का दौरा किया और देश भर की चुनिंदा अकादमियों के प्रमुखों के समूह के साथ बातचीत की।

वेंगर ने कहा, ''मैं कहूंगा कि मैं हमेशा भारत से आकर्षित रहा हूं।



मेरा लक्ष्य दुनिया में फुटबॉल को बेहतर बनाना है। और यह असंभव है कि 1.4 अरब की आबादी वाला भारत जैसा देश फुटबॉल के विश्व मानचित्र पर नहीं हो।'' उन्होंने कहा, ''मेरा मानना है कि आपके पास काफी बुनियादी ढांचा और प्रतिभा है जो मुझे इस बात को लेकर बहुत आशावादी बनाते हैं कि आप यहां क्या कर सकते हैं।''

वेंगर ने कहा, ''अपनी टीम के साथ हम वास्तव में इस देश को खेल में विकसित करने में मदद करने के लिए अत्यधिक प्रेरित हैं। मुझे विश्वास है कि यह बहुत ही कम समय में संभव है।''

वेंगर ने इस बात पर जोर दिया कि कैसे एक अच्छी प्रतिभा विकास योजना देश में खेल का चेहरा बदल सकती है। उन्होंने कहा, ''मैं 1995 में जापान के फुटबॉल की शुरुआत के दौरान वहां था और 1998 में वे विश्व कप में थे। तो इसका मतलब है कि यह संभव है। आपको जल्दी शुरुआत करनी होगी।''

सुविचार

ज़िंदगी मौक़ा सबको देती है, फ़र्क़ सिर्फ़ इतना है कोई दिल से जी रहा है, कोई दिल रखने के लिए जी रहा है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दूर की कौड़ी

अमेरिका के 11 प्रभावशाली सांसदों के एक समूह द्वारा बाइडन प्रशासन से यह आग्रह किया जाना कि 'जब तक पाकिस्तान संवैधानिक व्यवस्था बहाल नहीं करता और स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव नहीं कराता, तब तक उसे भविष्य में दी जाने वाली सहायता रोक दी जाए' – के लिए यही कहा जा सकता है– देर आयद, दुरुस्त आयद! लेकिन बड़ा सवाल है– क्या बाइडन प्रशासन ऐसा आग्रह स्वीकार करेगा? अमेरिका में सत्ता डेमोक्रेटिक की रही हो या रिपब्लिकन की, उनकी मूलभूत नीतियों में खास फर्क नहीं होता है। यूं तो अमेरिका मानवाधिकार, उदारवाद, लोकतंत्र ... की स्थापना के लिए बहुत सुंदर उपदेश देता है, लेकिन उसने धरातल पर जो कुछ किया, उससे इन्हें बहुत नुकसान पहुंचा है। उसने 9/11 के बाद 'आतंकवाद के खिलाफ युद्ध' के नाम पर इराक और अफगानिस्तान की ईंट से ईंट बजा दी, लेकिन उसका अपराधी ओसामा बिन लादेन पाकिस्तान में छुपा मिला। वही पाकिस्तान, जिसे अमेरिका दिल खोलकर आर्थिक और सैन्य सहायता देता है। उसका तर्क है कि इससे उसे 'आतंकवाद' से लड़ने में मदद मिलेगी! बिल्ली भी कहीं दूध की रखवाली करती है? अमेरिका ने जिन घातक हथियारों का बहाना बनाकर इराक पर हमला बोला था, वहां से खाली हाथ लौटा। वहां आईएसआईएस जैसा खूंखार आतंकवादी संगठन उसकी नाक के नीचे पैदा हो गया। वह अल-कायदा को जड़ से उखाड़ने के लिए अफगानिस्तान की खाक छानता रहा, लेकिन आखिरकार पाकिस्तान के एब्टाबाद में लादेन का खात्मा हुआ। इस तरह अमेरिका ग़लत जगह युद्ध लड़ता रहा। उसके इतने वर्षों तक अफगानिस्तान में रहने के बावजूद वहां हालात में कोई खास तब्दीली नहीं आई। इस बीच उसने पाक के थल और वायु मार्ग का उपयोग किया। पाक-अफगान सरहदी इलाकों में खूब ड्रोन हमले किए। वह आधा युद्ध उसी समय जीत लेता, जब 9/11 के बाद या तो पाकिस्तान पर हमला करता या उसे मिलने वाली आर्थिक व सैन्य सहायता पूरी तरह बंद कर देता।

आज अमेरिका के 'प्रभावशाली सांसद' जब अपने देश की सरकार से पाकिस्तान को मिलने वाली सहायता पर ताला लगाने की मांग कर रहे हैं तो उनका यह कदम हास्यास्पद भी लगता है। क्या वे नहीं जानते कि अमेरिका वह देश है, जो पाकिस्तान में हुए हर सैन्य तख्ता-पलट की हिमायत में खड़ा हुआ था। चाहे जनरल अयूब खान का दौर रहा हो या ज़िया-उल हक का या फिर जनरल परवेज मुशर्रफ का, इन तानाशाहों पर अमेरिका ने अपना खजाना खूब लुटाया था। ज़िया-उल हक ने तो 90 दिनों में चुनाव कराने का वादा किया था, लेकिन उन्होंने प्रधानमंत्री को फंदे पर लटका दिया और एक दशक से ज्यादा अवधि तक अवाम की छाती पर मूंग दलते रहे। कारगिल युद्ध में बुरी तरह शिकस्त खा चुके जनरल मुशर्रफ की साख रसातल में जा चुकी थी, लेकिन मुल्क पर उनकी पकड़ को मजबूत बनाने के लिए अमेरिका ही संसाधन देता रहा। ये तानाशाह अमेरिका के सामने कोई शक्ति नहीं रखते थे। अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति एक आदेश से उन्हें कुर्सी से नीचे उतार सकते थे, लेकिन वे स्वार्थ सिद्धि के लिए उनके मददगार बनकर खड़े रहे। क्या अमेरिका आज पाकिस्तान में स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव की पैरवी करेगा? हां, करेगा, लेकिन सिर्फ बयानबाजी की हद तक। यूं भी पाकिस्तान में 'स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव' दूर की कौड़ी है। इसका नारा खूब लगाया जाता है, जबकि हकीकत में हर चुनाव धांधली और फौज की जोर-आजमाइश के बिना नहीं होता। पाक में साल 1970 के आम चुनाव में 'हस्तक्षेप' कम हुआ था, लेकिन उसके बाद यह पड़ोसी देश दो हिस्सों में टूट गया। अमेरिका के उक्त सांसदों ने जो मुद्दा उठाया है, वे उस पर मजबूती से डटे रहें। वे बाइडन प्रशासन पर दबाव डालें। साथ ही पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के अधिकारों, बढ़ते आतंकवाद के मुद्दे को लेकर भी मुखर रहें। अगर वे पाक को दी जाने वाली सहायता में कटौती ही करवा पाए तो भी यह उनकी बड़ी कामयाबी होगी।

ट्वीटर टॉक

जहां भी कांग्रेस की सरकार होती है वहां उसकी प्राथमिकता भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद होता है। कांग्रेस को कभी आपकी जरूरतों की चिंता नहीं रहती। अब तो कांग्रेस राजस्थान में नशे के तस्करों को भी बढ़ावा दे रही है।

-नरेन्द्र मोदी

कांग्रेस के मंत्री बड़ी बेशर्मी से यह कहे कि राजस्थान में महिलाओं के साथ बलात्कार इसलिए होता है क्योंकि यह मर्दों का प्रदेश है। अरे मर्द कभी यह पाप नहीं करते। मर्द तो बहन बेटियों के चरित्र की रक्षा के लिए अपना सर कटवा देते हैं, जीवन खपा देते हैं।

-राजेन्द्र राठौड़

आज नोखा विधानसभा क्षेत्र में जनता-जनार्दन से आशीर्वाद माँगने पहुँचा। भाजपा प्रत्याशी श्री बिहारीलाल बिश्नोई के समर्थन में सारुण्डा में जनसभा को संबोधित कर परिवर्तन के संकल्प पर सबका साथ माँगा।

-गजेन्द्र सिंह शेखावत

प्रेरक प्रसंग

खुशी की कसक

पहले विश्वयुद्ध में रूस का एक हवाई इंजीनियर पीटर दुर्घटना में घायल हो गया और उसकी एक टांग भी काटनी पड़ी। डॉक्टरों ने उन्हें लकड़ी की टांग लगा दी। पीटर ने स्वयं को सैन्य गतिविधियों में व्यस्त रखा। द्वितीय विश्वयुद्ध के समय वह अस्पतालों में घायलों का हाल पूछते हुए उनका हौसला बढ़ा रहे थे। उन्होंने एक सैनिक से कहा, नकली टांग का एक फायदा तो यह है कि इस पर चोट लगने पर कुछ महसूस नहीं होता। यह कहते हुए उन्होंने उस घायल सैनिक को अपनी बेंत पकड़ा दी। घायल सैनिक ने जोश में पीटर की टांग पर दो-तीन बेंत जमा दी। पीटर हंसते हुए बोले, देखा नौजवान, इतनी मार का भी मुझ पर कोई असर नहीं हुआ। पीटर के हंसते हुए चेहरे को देखकर घायल सैनिकों पर अच्छा असर पड़ा। पीटर अपने सहायक अफसर के साथ कमरे से बाहर आ गए, वह दर्द से कराहते हुए अपनी टांग हाथों से दबाने लगे। सहायक ने पूछा, अंदर तो तुम हंस रहे थे। पीटर ने कहा, 'मेरे भाई, उस नौजवान ने मेरी सही टांग पर ही बेंत से पिटाई कर दी। मैं उसे रोकता तो मेरा वहां जाना ही व्यर्थ हो जाता।'

सामयिक

बिहार में आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पर भी विवाद

अवधेश कुमार
मोबाइल : 9811027208

बिहार विधानसभा में आरक्षण की सीमा 75 प्रतिशत करने का प्रस्ताव पारित हो चुका है। इससे ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार ने आरक्षण सीमा को बढ़ाने का आधार बनाने के लिए ही जाति आधारित गणना कराई। यह प्रस्ताव जाति आधारित गणना के दूसरे भाग यानी जाति आधारित आर्थिक आंकड़ों के साथ पेश किया गया। कायदे से 2 अक्टूबर को जाति आधारित गणना रिपोर्ट सामने लाने के साथ ही सामाजिक आर्थिक आंकड़ा भी आ जाना चाहिए था। किसी भी दृष्टि से रिपोर्ट के दोनों भाग को सार्वजनिक करने के बीच इतने अंतराल का ईमानदार और नैतिक कारण नहीं हो सकता। जाति आधारित गणना के आंकड़े पहले दिन से ही संदेह के घेरे में आ गए। पूरे प्रदेश के गांवों और मोहल्लों से लोग सामने आकर बता रहे हैं कि उनके पास कोई गणना करने आया ही नहीं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इसके उत्तर में प्रश्न उठाते हैं कि जब अंग्रेजों के बाद जातीय गणना हुई ही नहीं तो कोई कैसे कह रहा है कि किसी जाति का आंकड़ा ज्यादा और किसी का कम कर दिया गया है? मुख्यमंत्री को खंडन करने की बजाय लाखों की संख्या में जो लोग अपने यहां गणना न होने की बात कह रहे हैं उनका उत्तर देना चाहिए। इतनी भारी संख्या में लोगों की आवाज सुनने के बाद कोई भी निष्पक्ष व्यक्ति स्वीकार करेगा कि संपूर्ण सर्वेक्षण की बजाय गणना रिपोर्ट मुख्यतः कागजी स्तर पर तैयार हुआ। तो फिर इस आर्थिक आंकड़े को कैसे सही मान लिया जाए?

इस रिपोर्ट को स्वीकार किया जाए तो बिहार से ज्यादा बुरी सामाजिक आर्थिक दशा किसी प्रदेश की नहीं होगी। इसके अनुसार प्रदेश के 34.13 प्रतिशत परिवार गरीब हैं जिनकी मासिक आय 6 हजार रुपये या उससे कम है। इतनी बड़ी संख्या का गरीब होना हर मानक पर असामान्य स्थिति का परिचायक है। गणना के अनुसार राज्य में परिवारों की कुल संख्या 2 करोड़ 76 लाख 68 हजार 930 है, जिसमें 6000 रुपए से 10 हजार रुपए तक की मासिक आय वाले परिवारों की संख्या 81 लाख 91 हजार 390 है यानी 29.61 प्रतिशत है। यानी राज्य की 63 प्रतिशत से ज्यादा आबादी की आय10 हजार रुपए से कम है। सिर्फ 3.9 प्रतिशत या 10 लाख 79 हजार 466 परिवार ही 50 हजार से अधिक अर्जित करते हैं। बिहार के लोगों की वित्तीय स्थिति इतनी बुरी है तो रिपोर्ट इसे गरीबों और कंगालों का राज्य साबित करता है। क्या वाकई बिहार के लोग इतनी ही वित्तीय दुर्दशा के शिकार हैं?

ध्यान रखिए, केंद्र सरकार द्वारा वार्षिक 6000 की किसान सम्मन निधि, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, महिलाओं को विशेष भत्ता, छात्राओं को दिए जाने वाले रकम आदि सभी इसमें शामिल है। समाज के निचले तबके के लिए मनरेगा के 100 दिन रोजगार के साथ-साथ राज्य के रोजगार कार्यक्रमों की भी आय इनमें सम्मिलित है। इसके बावजूद इतनी बड़ी संख्या अगर 6000 से नीचे की आमदनी में जी रही है तो इसका अर्थ क्या है? यह रिपोर्ट नीतीश सरकार को ही कठघरे में खड़ा करती है। केवल आय ही नीतीश सरकार के लिए शर्म का विषय नहीं है। इसमें केवल 36.76 प्रतिशत यानी 1 करोड़ एक लाख 72 हजार 126 परिवारों के पास ही पक्का मकान बताया गया है। इन पक्का मकानों में भी 22.37 प्रतिशत केवल एक कमरे वाले हैं। खपरैल या टीन की छत वाले 26.5 प्रतिशत तथा झोपड़ी वालों की संख्या 14.09 प्रतिशत है। इसके अनुसार लगभग 50 प्रतिशत परिवारों को हम मकान वाला मान ही नहीं सकते। तो अभियान की तरह चलाए जा रहे प्रधानमंत्री आवास योजना का क्या हुआ? ये आंकड़े ही नीतीश कुमार के सुशासन बाबू के विशेषण को ध्वस्त कर देते हैं।

जब बिहार के लोगों की बड़ी संख्या यह मानती नहीं कि जमीन पर गणना हुई है तो साफ है कि ये आंकड़े भी कृत्रिम हैं। लेकिन कोई सरकार अपने को ही असफल क्यों साबित करेगी? इस प्रश्न का शत- प्रतिशत स्वीकार्य उत्तर तलाशना मुश्किल है। इस रिपोर्ट के साथ नीतीश कुमार ने फिर बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग कर दी। पिछले काफी समय से नीतीश और उनकी जद यू विशेष राज्य की मांग नहीं उठा रही थी। तो क्या इन आंकड़ों को विशेष राज्य की मांग को बल देने के लिए तैयार किया गया? बिहार की राजनीति पर नजर रखने वालों का मानना है कि इस समय सत्ता का केंद्र लालू यादव का परिवार है और उन्हीं की सोच एवं चाहत के अनुरूप प्रशासन भूमिका निभाता है। लालू यादव और तेजस्वी यादव के रणनीतिकार अपनी राजनीति की दृष्टि से हर वह काम करते हैं जिनसे नीतीश की छवि कमजोर हो तथा भविष्य में अकेले राजद के सत्तासीन होने का आधार बने। जाति आधारित गणना में यादवों और मुसलमानों की आबादी उनके एमवाई समीकरण को सबसे ऊपर ला देता है। इसके समानांतर नीतीश का सामाजिक समीकरण कहीं ठहरता नहीं। रिपोर्ट के दूसरे भाग से नीतीश विफल मुख्यमंत्री साबित होते हैं तथा विपक्षी भाजपा भी कठघरे में खड़ा होती है क्योंकि सरकार में वह शामिल थी। तो नीतीश कुमार चाहे जाति आधारित गणना के लिए अपनी पीठ थपथपाएं यह उनकी राजनीति के अंत का दस्तावेज बनने वाला है।

मोटा- मोटी 17 वर्ष तक मुख्यमंत्री रहने के बावजूद केवल सात प्रतिशत जनसंख्या ही ग्रेजुएट या उससे ऊपर की शैक्षणिक योग्यता रखता है तो ऐसे व्यक्ति के हाथों नेतृत्व का कोई आधार नहीं बनता। यही नहीं 9.19 प्रतिशत ने ही 11वीं और 12वीं तक पढ़ाई की है। 22.67 प्रतिशत ने 1 से 5 तक, 14.33 प्रतिशत ने कक्षा 6 से 8 तक तथा 14.7 17 ने 9वीं और 10वीं की पढ़ाई की है। इस तरह कुल 42 प्रतिशत आबादी की योग्यता दसवीं या उससे कम है। तो इस रिपोर्ट के साथ सबसे ज्यादा प्रश्नों की बौछाड़ नीतीश कुमार पर ही होने वाली है। किंतु यह रिपोर्ट बिहार की वास्तविक स्थिति का चित्रण नहीं है। राजधानी पटना प्रतियोगिता परीक्षाओं में कोचिंग का महत्वपूर्ण केंद्र है और लगभग सभी प्रमुख शहरों में आपको कोचिंग सेंटर छात्र-छात्राओं से भरे पड़े मिलेंगे। केवल बिहार नहीं केंद्रीय सिविल सेवा से हिंदी भाषी राज्यों की प्रतियोगिताओं में बिहार की छात्र-छात्राएं महत्वपूर्ण सफलताएं प्राप्त कर रही है। इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रतियोगिता परीक्षाओं में भी बिहार की छात्र छात्राएं अन्य कई राज्यों की तुलना में ज्यादा संख्या में उत्तीर्ण हो रहे हैं। ऐसे अनेक प्रमाण है जिनसे ये आंकड़े गलत साबित हो जाते हैं। यह रिपोर्ट बताता है कि बिहार में केवल 1.3 प्रतिशत आबादी के पास ही इंटरनेट है। पिछले वर्ष ट्राई ने बताया था कि बिहार में लगभग 567 लोगों के पास मोबाइल फोन हैं। उस आंकड़े के आधार पर भी नीतीश सरकार की यह रिपोर्ट झूठ का पुलिंदा साबित होती है । गांवों से शहरों तक हाथों में मोबाइल उसी तरह दिखेगा जैसे अन्य राज्यों में।

बस, टेंपों, टैक्सी और यहां तक कि रिक्शा पर भी आप मोबाइल से भुगतान करते देख सकते हैं। सभी को पता है कि दलितों में गरीबी सबसे ज्यादा है तथा सामान्य जाति या सवर्णों में भी भारी संख्या में गरीब है। इनका अलग-अलग आंकड़ा देकर आप रिपोर्ट को सर्वेक्षण आधारित साबित करने की कोशिश करें, सच्चाई जानने वाले बताते हैं कि इसके पीछे भी राजनीतिक रणनीति है। सामान्य जातियों के साथ दलितों का एक बड़ा वर्ग नीतीश कुमार के विरुद्ध है। उनके कारण ही भाजपा को गठबंधन सरकार में हुए उपचुनाव में सवर्ण विरोध का सामना करना पड़ा था और वो राजद के साथ आए थे। सवर्ण की प्रमुख जातियां विशेषकर भूमिहारों में 25 प्रतिशत से ज्यादा गरीबी बताकर यह संदेश देने की कोशिश है कि हम आपके विरोधी नहीं है। अंग्रेजी शासन के बाद जातीय गणना और उसके आधार पर आर्थिक सामाजिक आंकड़ा जुटाने की बहु प्रचारित योजना का संकीर्ण राजनीतिक रणनीति का शिकार हो जाना दिल दहलाने वाला है। यह चिंताजनक है कि जाति आंकड़ों ने बिहार के हर समाज में नकारात्मक हलचल पैदा किया और इस आंकड़े ने उसे और बढ़ाया है। यह सबका दायित्व है कि अपने-अपने स्तर से कुछ मान्य और प्रामाणिक आंकड़े लाकर इस रिपोर्ट की सच्चाई लगातार उद्घाटित करें।

चिंतन

डीपफेक पर नियंत्रण के लिए सरकार की सख्ती जरूरी

ललित गर्ग
मोबाइल : 9811051133



डीपफेक व्यक्तिगत जीवन से आगे बढ़ कर अब राजनीतिक एवं वैश्विक सन्दर्भों के लिए एक गंभीर खतरा बनता जा रहा है। इक्कीसवीं सदी में कृत्रिम बौद्धिकता (आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस या एआई) तकनीक के आगमन ने अगर सुविधाओं के नए रास्ते खोले हैं तो दुनियाभर में चिंताएं भी बढ़ा दी हैं। इस तकनीक का दुरुपयोग बड़े पैमाने पर शुरू हो चुका है, एआइ के जरिए डीपफेक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किए जा रहे हैं। गलत सूचनाएं, ऑडियो-वीडियो और तस्वीरें फैलाने वालों के हाथों में एआइ ने खतरनाक उस्तरा थमा दिया है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा एवं राजनीतिक मुद्दों के साथ व्यक्तिगत छवि को घूमिल करने का यह हथियार अनेक चिन्ताओं को बढ़ा रहा है और बड़े संकट का सबब बनता जा रहा है। डीपफेक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी नहीं बक्शा है, उन्हें भी परेशान कर दिया है। उनका एक वीडियो इन दिनों यू-ट्यूब सहित सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर खूब चर्चित हो रहा है, इसमें उनको गरबा करते दिखाया गया है। ये पूरा वीडियो डीपफेक नाम की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से तैयार किया गया है। इसी तरह देश एवं विदेश की अनेक हस्तियों के अनेक अश्लील एवं राजनीतिक डीपफेक व्यापक स्तर पर प्रसारित हो रहे हैं।

डीपफेक एक ऐसी तकनीक है जिसमे आप कृत्रिम बौद्धिकता की मदद एवं तकनीक से वीडियो, तस्वीरों और ऑडियो में हेरफेर कर सकते है। इस तकनीक की मदद से आप किसी दूसरे व्यक्ति की फ़ोटो या वीडियो पर किसी और का चेहरा लगाकर उसे पूरी तरह से बदल भी सकते है। एक रिपोर्ट के अनुसार इसका सबसे ज्यादा इस्तेमाल लगभग 96 प्रतिशत के आसपास अश्लील सामग्री बनाने में होता है। कुछ लोग इसका इस्तेमाल अपने मर चुके रिश्तेदारों की तस्वीरों को ऐनिमेट करने में भी करते हैं लेकिन अब डीपफेक कंटेंट का इस्तेमाल देश एवं विदेश की राजनीति में भी होने लगा है। राजनीतिक पार्टियाँ अपने चुनावी प्रचार में इस तकनीक का जमकर इस्तेमाल कर रही है। आम जनता को गुमराह करने एवं बड़ी हस्तियों की छवि एवं प्रतिष्ठा को धूमिल करने में अब इस तकनीक का व्यापक उपयोग होने लगा है।

अनेक फिल्मी हस्तियों विशेषतः हीराइनों की अविश्वसनीय अश्लील एवं नग्न वीडियो बड़ी संख्या में आनलाइन आसानी से देखी जा सकती है। पब्लिक प्लैटफॉर्म्स पर मौजूद फोटोज की मदद से आसानी से डीपफेक विडियो बनाया जा सकता है। ऐसे वक्त में जब कोई नौसिखिया भी आसानी से फर्जी विडियो बनाकर सच और झूठ का फर्क मिटा सकता है, किसी भी विडियो पर झट से भरोसा ना करें क्योंकि डीपफेक विडियोज से घिरी वर्चुअल दुनिया में आंखों देखा सबकुछ हमेशा सच नहीं होता।

देश-विदेश में कई प्रतिष्ठित हस्तियां डीपफेक वीडियो का शिकार हो चुकी हैं। कई विदेशी हस्तियों के भी डीपफेक वीडियो सामने आ चुके हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की के डीपफेक वीडियो में तो वे रूस से लड़ रही अपनी सेना को सरेंडर करने के लिए कह रहे हैं। इजरायल-हमास युद्ध के भी कई डीपफेक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं। तभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी डीपफेक को देश के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक बता इसके खिलाफ जनता को शिक्षित एवं सावधान करने पर जोर दिया है। भारत के लिये यह बड़ा खतरा इसलिये भी है कि भारत विविधता वाला देश है, यहां की जनता छोटी-छोटी बातों पर भावुक एवं भड़क जाती है। असली एवं नकली यानी डीपफेक का पता लगाने के लिये सतर्कता एवं सावधानी बरतने की अपेक्षा है। अगर वीडियो में आँख और नाक कहीं और जा रही है या वीडियो में पलक नहीं झपकाई गई है तो समझ जाइए यह डीपफेक कंटेंट है। कंटेंट की कलरिंग को भी देखकर पता लग सकता है कि तस्वीर या वीडियो में छेड़छाड़ हुई है। ढेरों चर्चित महिला हस्तियों एवं सिने कलाकारों के चेहरे डीपफेक टेक की मदद से पॉर्न वीडियोज पर लगाकर उन्हें ऑनलाइन शेयर किया जा रहा है। पॉप्युलर अमेरिकन अडल्ट साइट की ट्रेंडिंग टैग्स रिपोर्ट दिखाती है कि ऐसे वीडियोज पिछले कुछ महीने में तेजी से चर्चित हुए हैं और इन्हें व्यापक रूप में सर्च किया जा रहा है या देखा जा रहा है। इस टेक से किसी का फेक न्यूड वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल भी किया जा सकता है और ऐसे मामले सामने आए भी हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि जैसे-जैसे यह टेक्नॉलजी पॉप्युलर होगी, इसका गलत इस्तेमाल और ऐसे क्राइम भी बढ़ते जाएंगे।

कृत्रिम बुद्धि, कंप्यूटर विज्ञान की एक शाखा है जो मशीनों और सॉफ्टवेयर को बुद्धि के साथ विकसित करता है। 1955 में जॉन मैकार्थी ने इसको कृत्रिम बुद्धि का नाम दिया और उसके बारे में यह विज्ञान और इंजीनियरिंग के बुद्धिमान मशीनें बनाने के' के रूप परिभाषित किया। कृत्रिम बुद्धि अनुसंधान के लक्ष्यों में तर्क, ज्ञान की योजना, सीखने, धारणा और वस्तुओं में हेरफेर करने की क्षमता, आदि शामिल हैं। वर्तमान में, इस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए सांख्यिकीय विधियों, कम्प्यूटेशनल बुद्धि और पारंपरिक खुफिया शामिल हैं।

कृत्रिम बुद्धि का दावा इतना है कि मानव की बुद्धि का एक केंद्रीय संपत्ति एक मशीन द्वारा अनुकरण कर सकता है। बिजली के बल्ब और मूवी कैमरे के आविष्कारक थॉमस अल्वा एडिसन ने कहा था कि हर नई तकनीक सुविधाओं के साथ कुछ नकारात्मक पहलू भी लाती है। नित नई तकनीक के दौर से गुजर रही दुनिया में उनका कथन प्रासंगिक बना हुआ है। कृत्रिम बौद्धिकता तकनीक के आगमन ने अगर सुविधाओं के नए रास्ते खोले हैं तो दुनियाभर में चिंताएं भी बढ़ा दी हैं। इस तकनीक का दुरुपयोग बड़े पैमाने पर शुरू हो चुका है। किसी भी बात या घटना के सच होने का सबसे बड़ा सबूत उसके किसी विडियो को माना जाता रहा है लेकिन अब चीजें बदल गई हैं। आंखों देखी पर और किसी भी तरह के डिजिटल फोटो या विडियो पर भरोसा नहीं किया जा सकता। डीपफेक टेक्नॉलजी की मदद से ऐसे वीडियो बनाए जा सकते हैं कि बड़े-बड़े एक्सपर्ट्स भी गच्चा खा जाएं। सामान्य इंटरनेट यूजर शायद ही समझ पाए कि विडियो डीपफेक है और उसमें दिखने वाला शख्स कोई और है। यह टेक्नॉलजी वीडियोज के साथ बिल्कुल वैसे ही काम करती है, जैसा फोटो के लिए फोटोशॉप करता है। सोशल मीडिया पर अभिनेत्री रश्मिका मंदाना का एक वीडियो वायरल हो रहा है, यह वीडियो फेक (डीपफेक) है। दरअसल इस वीडियो को लेकर मेगा स्टार अमिताभ बच्चन ने भी चिंता जताई है। इस डीपफेक वीडियो पर दिल्ली महिला आयोग ने स्वतः संज्ञान लेते हुए दिल्ली पुलिस में मामला दर्ज कराया है। इस मामले में एक गिरफ्तारी भी हो चुकी है। अब काजोल का भी डीपफेक सोशल मीडिया पर आ गया है। इसमें उनको कपड़े बदलते दिखाया गया है।

इसमें ओरिजनल वीडियो ब्रिटिश सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रोजी ब्रीन का है। उन्होंने ये वीडियो टिकटॉक पर गेट रेडी विद मी' सीरीज के लिए बनाया था। भारत में डीपफेक तकनीक का दुरुपयोग रोकने और फर्जी वीडियो की पहचान के लिए बेहतर प्रौद्योगिकी विकसित करने की जरूरत है। चिंता की बात है कि सोशल मीडिया मंचों और टेक कंपनियों ने डीपफेक वीडियो पर अंकुश के लिए कोई बड़ी पहल नहीं की है। लेकिन भारत सरकार इस मुद्दे पर इसकी घातकता को देखते हुए गंभीर है। सरकार इंटरनेट इस्तेमाल करने वाले सभी डिजिटल नागरिक की सुरक्षा और भरोसे को सुनिश्चित करने को लेकर प्रतिबद्ध हैं।

सरकार ने सोशल मीडिया कंपनियों को गलत सूचनाओं, डीपफेक, अन्य अवांछित सामग्री की पहचान कर 36 घंटे के अंदर उन्हें हटाने के निर्देश दिए जा चुके हैं। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने साफ कह दिया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म अगर डीपफेक कंटेंट को हटाने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाते हैं तो उन्हें मिलने वाले संरक्षण को वापस ले लिया जाएगा। कई देशों की सरकारें डीपफेक के नियमन की तैयारी में हैं। कुछ अमरीकी राज्यों में बगैर सहमति डीपफेक बनाने को अपराध घोषित किया जा चुका है। यूरोपीय देशों में भी कानून बनाने की तैयारी चल रही है। सिर्फ कानून बनाने से समस्या से पार पाना संदिग्ध है। जरूरत ऐसे तंत्र की है, जो डीपफेक की सतत निगरानी रख अवांछित सामग्री फैलाने के सभी रास्ते बंद रखे।

महत्त्वपूर्ण
Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला करने वाले बख्शे नहीं जाने चाहिए : प्रधानमंत्री काकड़

इस्लामाबाद/भाषा

पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकड़ ने कहा कि इस साल नौ मई को सुरक्षा प्रतिष्ठानों पर हुए अभूतपूर्व हमलों में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाना चाहिए और उन पर सैन्य अदालतों में मुकदमा चलाया जाना चाहिए।

'जियो न्यूज' के साथ रविवार को एक साक्षात्कार में, काकड़ ने कथित भ्रष्टाचार के मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पाकिस्तान में नौ मई की हुई घटनाओं का जिक्र किया। काकड़ ने कहा कि अगर लोग देश की सुरक्षा करने वाली संस्थाओं पर ही हमला करते हैं तो उन पर कानून के मुताबिक सैन्य अदालतों में मुकदमा चलाया जाना चाहिए। नौ मई की हिंसा में कथित रूप से शामिल लोगों के सैन्य मुकदमों को रद्द करने के उच्चतम न्यायालय के फैसले के खिलाफ सरकार की अपील पर, काकड़ ने कहा, ''यह बिल्कुल उचित है कि अगर किसी ने किसी सैन्य प्रतिष्ठान पर हमला किया तो उसके खिलाफ सैन्य अदालतों में मुकदमा चलाया जाना चाहिए।''

प्रधानमंत्री ने उनकी सरकार पर कुछ राजनीतिक दलों के प्रति पक्षपाती होने के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि आम चुनाव कराना तथा निर्वाचित सरकार को जिम्मेदारियां सौंपना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

पाकिस्तान में आगामी आम चुनाव की ''पारदर्शिता'' के बारे में दो प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा व्यक्त की गई चिंताओं पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, काकड़ ने रविवार रात कहा कि ''पीड़ित कार्ड'' का खेल कोई भी राजनीतिक दल आसानी से खेल सकता है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल आम तौर पर अपने मतदाताओं को अलग-अलग तरीकों से आकर्षित करने की कोशिश करते हैं और ऐसे आरोप उनकी रणनीति हो सकते हैं। पाकिस्तान में अगले साल आठ फरवरी को चुनाव होने हैं।

जैसे-जैसे आम चुनाव करीब आ रहे हैं, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी और पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के नेतृत्व वाली पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) बार-बार शिकायत कर रहे हैं कि चुनावों से पहले उन्हें समान अवसर से वंचित किया जा रहा है।

मुख्यधारा की दोनों पार्टियों ने आरोप लगाया कि कार्यवाहक सरकार पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी को ''तरजीह'' दे रही है और पीएमएल-एन की सत्ता में वापसी का मार्ग प्रशस्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

इससे पहले, पीपीपी के उपाध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी ने अपनी पार्टी को कभी भी समान अवसर नहीं दिये जाने की शिकायत करते हुए कहा था कि पीपीपी चुनावों से पहले से ही खुद को साबित करने के लिए समान अवसर नहीं दिये जाने को लेकर लगातार चिंता व्यक्त करती आ रही है। पीटीआई अध्यक्ष इमरान खान अदियाला जेल में बंद हैं और उनकी पार्टी के नेतृत्व का दावा है कि उन्हें चुनाव अभियान चलाने की भी अनुमति नहीं है। स्थिति स्पष्ट करने के लिए, काकड़ ने रविवार रात 'जियो न्यूज' के साथ एक साक्षात्कार में कहा, ''जल्द से जल्द चुनाव कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।'' उन्होंने कहा, ''हम जिम्मेदारियां (आगामी) चुनी हुई सरकार को सौंपना चाहते हैं।'' मुख्यधारा के दो दलों द्वारा उनकी सरकार के खिलाफ लगाए गए आरोपों के बारे में एक सवाल का जवाब देते हुए, प्रधानमंत्री ने पूछा, ''हमने ऐसा क्या किया है कि एक नकारात्मक धारणा बनाई जा रही है कि हमारा किसी राजनीतिक दल के प्रति पक्षपाती रवैया है?''

गौ माता, गोवंशों की सेवा और उनके संरक्षण के लिए संकल्पित हों : योगी आदित्यनाथ

लखनऊ/भाषा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को गोपाष्टमी के पर्व पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए गोमाता और गोवंशों की सेवा तथा उनके संरक्षण के लिए संकल्पित होने का आह्वान किया।

वहीं उप्र के मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष तथा पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि 'गोपाष्टमी' के पावन पर्व पर भाजपा सरकार यह सुनिश्चित करे कि गोमाता सहित समस्त गोवंश उनके राज में सड़कों पर न भटकें और वाहनों आदि से टकरा कर घायल न हों।

मुख्यमंत्री व भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर गाय को रोटी खिलाते हुए अपनी तस्वीर साझा की। उन्होंने लिखा ''भारत की आस्था और अर्थव्यवस्था की धुरी, आध्यात्मिक-सांस्कृतिक उन्नति की आधार, सर्वसुखदायिनी 'गोमाता' की आराधना के पर्व 'गोपाष्टमी' पर प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं!

आइये, इस पावन अवसर पर गोमाता और गोवंशों की सेवा व उनके संरक्षण के लिए संकल्पित हों।' सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने 'एक्स' पर अपने संदेश में लिखा 'भाजपा के राज में छुट्टा पशुओं और महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी व अपराध में एक सीधा संबंध है ये सब बेतहाशा बढ़ रहे हैं और इन सबके लिए भाजपा सरकार ज़िम्मेदार भी है और बेपरवाह भी है।' उन्होंने लिखा 'ये 'पांच समस्याएँ' विकराल रूप धारण कर रही हैं और भाजपा सरकार प्रचार के नाम पर केवल अखबारों या होर्डिंग की तस्वीरों में ही सिमटकर रह गयी है। वह कहीं नजर नहीं आ रही है।'

अनुष्ठान

ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास अपनी पत्नी रुक्मिणी देवी के साथ सोमवार को जमशेदपुर में छठ पर्व के अंतिम दिन अनुष्ठान करते हुए।

अमेरिका के रक्षा मंत्री ऑस्टिन ने अचानक यूक्रेन की यात्रा की

वाशिंगटन/एपी

यूक्रेन में धन और हथियारों के आपूर्ति बनाए रखने के लिए एक हाई-प्रोफाइल प्रयास के तहत अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने सोमवार को अचानक यूक्रेन की यात्रा की। हालांकि, इजराइल-हमास संघर्ष से उत्पन्न नए वैश्विक जोखिमों के कारण अमेरिका और अंतरराष्ट्रीय संसाधन प्रभावित हुए हैं।

पोलैंड से ट्रेन के जरिए कीव पहुंचे ऑस्टिन का यूक्रेन के वरिष्ठ अधिकारियों से मिलने और देश की तत्काल सैन्य जरूरतों को लेकर सार्वजनिक रूप से जोर देने का कार्यक्रम है क्योंकि रूस-यूक्रेन के मध्य लड़ाई जारी है और भीषण सर्दी आने वाली है। यह ऑस्टिन की कीव की दूसरी यात्रा है, लेकिन इस बार की यात्रा वह बहुत अलग परिस्थितियों में कर रहे हैं। उनकी पहली यात्रा रूस के आक्रमण के ठीक दो महीने बाद अप्रैल 2022 में हुई थी। ऑस्टिन ने एक अंतरराष्ट्रीय प्रयास शुरू किया जिसके तहत अब 50 देशों की मासिक बैठक होती है ताकि इस बात पर समन्वय किया जा सके कि कीव को कौन से हथियार, प्रशिक्षण और अन्य सहायता दी जा सकती है। ऑस्टिन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''मैं आज एक महत्वपूर्ण संदेश देने के लिए यहां आया हूं - अमेरिका रूस की आक्रामकता के खिलाफ आजादी की लड़ाई में यूक्रेन के साथ खड़ा रहेगा।'' लेकिन गाजा में संघर्ष यूक्रेन की लड़ाई से ध्यान और संसाधन की आपूर्ति में कमी ला सकता है। सात अक्टूबर को इजराइल पर हमास के हमले और उसके बाद इजराइल द्वारा गाजा पर कई हफ्तों तक की गई विनाशकारी बमबारी के बाद से अमेरिका ने उन हमलों को क्षेत्रीय युद्ध में बदलने से रोकने के लिए तेजी से काम किया है, जिसमें 10,000 से अधिक नागरिक मारे गए हैं। यूक्रेन को अब तक अमेरिका से 44 अरब अमेरिकी डॉलर और अन्य सहयोगियों से 35 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के हथियार मिले हैं, जिसमें लाखों गोलियों से लेकर वायु रक्षा प्रणाली, उन्नत यूरोपीय और अमेरिकी युद्ध टैंक और आखिर में एफ-16 लड़ाकू जेट विमान की आपूर्ति का वादा शामिल है। यूक्रेन को अभी और अधिक की मदद की जरूरत है और यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति के लगभग 20 महीनों के बाद इसमें कमी दिखाई देने लगी हैं। पोलैंड जैसे कुछ यूरोपीय देशों ने अपनी रक्षा के लिए पर्याप्त क्षमता बनाए रखने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए समर्थन कम कर दिया है। हालांकि, जैसे-जैसे सर्दियां शुरू होंगी, जमीनी परिस्थितियों के कारण दोनों पक्षों के लिए बड़ी बढ़त हासिल करना अधिक कठिन हो जाएगा। अगर अमेरिकी सांसदों को लगता है कि अधिक धन की आवश्यकता से पहले इंतजार करने का समय है तो यह यूक्रेन के खिलाफ जा सकता है।

'गुड़ाचारी-2' में अदिवी सेष के साथ नज़र आएंगी बनीता संधू

मुंबई/वार्ता

बॉलीवुड अभिनेत्री बनीता संधू अपनी आने वाली फिल्म गुड़ाचारी 2 में अदिवी सेष के साथ काम करती नजर आयेंगी। गुड़ाचारी 2 (जी2) एक्शन स्पाई थ्रिलर फिल्म है,जिसमें अदिवी सेष के साथ बनीता संधू की मुख्य भूमिका है। बनीता संधू ने बताया, गुड़ाचारी 2 मेरी पहली पैन इंडिया फिल्म है और मैं ऐसी अविश्वसनीय, दूरदर्शी टीम के साथ सहयोग करके बहुत उत्साहित हूं।

यह ऐसी भूमिका है जो मैंने पहले कभी नहीं की है और मैं दर्शकों द्वारा मुझे बिल्कुल नए अवतार में देखने का इंतजार का मुझे बेसब्री से इंतजार है।इस फिल्म पर काम करना मेरे लिए रचनात्मक आनंद होगा।' अदिवि सेष ने कहा,मैं बनीता का जी 2 की दुनिया में हार्दिक स्वागत करता हूं, और एक अद्भुत सहयोग की आशा करता हूं। फिल्म गुड़चारी 2 का निर्माण टीजी विश्व प्रसाद और अभिषेक अग्रवाल द्वारा किया जा रहा है। यह फिल्म पीपल मीडिया फैक्ट्री, अभिषेक अग्रवाल आर्टर्स और एके एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनायी जा रही है जबकि विनय कुमार सिरिगिनेडी द्वारा निर्देशित है।

'बन टिक्की' से बॉलीवुड में कमबैक करेंगी जीनत अमान

मुंबई/वार्ता

जानीमानी अभिनेत्री जीनत अमान फिल्म 'बन टिक्की' से बॉलीवुड में कमबैक करने जा रही है। जीनत अमान काफी समय से फिल्मों से दूर हैं।जीनत अमान मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की फिल्म 'बन टिक्की' के साथ फिल्मों में कमबैक करने की तैयारी कर रही हैं। इस फिल्म में उनके साथ शबाना आजमी और अभय देयोल मुख्य भूमिका में होंगे। मनीष मल्होत्रा ने बताया, 'द ग्रेट शबाना आजमी और जीनत अमान दोनों का मैं बहुत बड़ा प्रशंसक रहा हूं। उनकी फिल्मों से लेकर उनके गानों से लेकर उनके कपड़ों तक। वे एक-दूसरे से बहुत अलग हैं और दोनों के पास यादगार फिल्में हैं, जो हम सभी को पसंद हैं। यह मेरे लिए बहुत खुशी की बात है कि जीनत अमान और शबाना जी दशकों के बाद हमारे दूसरी प्रोडक्शन फिल्म बन टिक्की के लिए एक साथ आ रही हैं। यह एक संवेदनशील फिल्म है, जिसे फराज आरिफ अंसारी द्वारा लिखा और निर्देशित किया गया है। दोनों के साथ फिल्म में अभय देओल नजर आएंगे। शूटिंग इस महीने शुरू हो रही है और हम सभी इस अनूठी फिल्म को लेकर बहुत उत्साहित हैं। 'बन टिक्की' का निर्माण मनीष मल्होत्रा के बैनर, स्टेज 5 प्रोडक्शंस के तहत ज्योति देशपांडे, दिनेश मल्होत्रा और मरिजके देसूजा द्वारा किया जा रहा है।

लियो : सिनेमाघरों में तहलका मचाने के बाद अब नेटफ्लिक्स पर

मुंबई/एजेन्सी

तमिल सिनेमा के ख्यातनाम अभिनेता थलापति विजय की हालिया प्रदर्शित और ब्लॉक बस्टर रही फिल्म लियो आगामी सप्ताह ओटीटी प्लेटफार्म पर प्रदर्शित होने जा रही है।

इस फिल्म वैश्विक स्तर पर 600 करोड़ से ज्यादा का कारोबार करने में सफलता प्राप्त की है। अभिनेता विजय की तमिल एक्शन थ्रिलर फिल्म 'लियो' 24 नवंबर से भारत में तथा 28 नवंबर से वैश्विक स्तर पर 'ओवर द टॉप' (ओटीटी) मंच नेटफ्लिक्स पर प्रसारित की जाएगी। 'नेटफ्लिक्स' की दक्षिण भारत शाखा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, ''आखिरकार इंतजार खत्म हुआ। हमारे पास आपके लिए अच्छी खबर है।

क्या आप तैयार हैं? 'लियो' 24 नवंबर को भारत में और 28 नवंबर को दुनिया भर में तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी में नेटफ्लिक्स पर आ रही है।'' लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित यह फिल्म 19 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म ने घरेलू तथा वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है।

'लियो' 2023 में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तमिल फिल्म है। फिल्म में तृषा, संजय दत्त, अर्जुन सरजा, मंसूर अली खान, प्रिया आनंद और गौतम वासुदेव मेनन जैसे कलाकार हैं।

वर्ल्ड कप के बाद आलिया, करीना ने कहा 'हमारा दिल जीत लिया'

मुंबई/एजेन्सी

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्ल्ड कप फाइनल मैच हारने के बाद बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट और करीना कपूर खान ने भारतीय टीम की प्रशंसा करते हुए नोट शेयर किया और खिलाड़ियों के प्रति अपना प्यार और सम्मान दिखाया। आलिया ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर टीम इंडिया की एक तस्वीर शेयर की और लिखा, ''हमारा दिल आपने हमेशा के लिए जीत लिया है! अच्छा खेला टीम इंडिया ने... हमारा सिर गर्व से ऊंचा हैं।'' करीना ने भी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर भारतीय टीम की एक तस्वीर साझा की और कहा: टीम इंडिया के लिए प्यार और सम्मान, कड़ा मुकाबला, लेकिन अच्छी तरह से खेली भारतीय टीम। गुजरात के अहमदाबाद स्थित नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हुए वर्ल्ड कप 2023 के मैच में टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया ने हरा दिया। भारत ने पहले बल्लेबाजी की और 240 रन पर आउट हो गया। इस बीच, वर्कफ्रंट की बात करें तो आलिया 'जिगरा' में नजर आएंगी। वहीं, करीना की अगली फिल्म 'द बकिंघम मर्डर्स' और 'द क्रू' हैं।

सलमान खान की 'टाइगर-3' ने कमाए 376 करोड़ रुपये

मुंबई/भाषा

सलमान खान की एक्शन थ्रिलर फिल्म 'टाइगर 3' ने आठ दिनों दुनिया भर में 376 करोड़ रुपये की कमाई की। फिल्म निर्माताओं ने सोमवार को यह जानकारी दी। यशराज फिल्म्स (वाईआरएफ) द्वारा निर्मित और मनीष शर्मा के निर्देशन वाली 'टाइगर-3' में कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी भी हैं। यह फिल्म दीपावली के मौके पर 12 नवंबर को हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज हुई थी। फिल्म निर्माण कंपनी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, फिल्म 'टाइगर 3' ने दुनिया भर में आठ दिनों में 376 करोड़ रुपये की कमाई की।

फिल्म ने भारत में 280 करोड़ रुपये तथा विदेशों में 96 करोड़ रुपये की कमाई की है। फिल्म 'टाइगर 3' वर्ष 2017 में आई 'टाइगर जिंदा है' की अगली कड़ी है। वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की इस फिल्म में सलमान एक जासूस के किरदार में हैं जो अपने परिवार और देश को बचाता है।

'चक दे' की तरह ही कोच के रूप में भारत को जीत दिलाएंगे राहुल द्रविड़ : कैटरीना

मुंबई। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'टाइगर 3' की अभिनेत्री कैटरीना कैफ ने भारतीय क्रिकेट टीम के कोच राहुल द्रविड़ और खेल फिल्मों के बीच समानताएं बताई। उन्होंने फिल्म 'चक दे! इंडिया' और 'विश्व कप फाइनल' में भी समानता की। अभिनेत्री ने राहुल द्रविड़ की कोचिंग के बारे में आशा व्यक्त की। उन्होंने कहा, मैं फिल्म 'चक दे' के समान सोचती हूं। भारत के राहुल द्रविड़ कोच के तौर पर टीम इंडिया को जीत दिलाएंगे। मुझे विश्वास है कि राहुल सर आखिरकार अपना सपना सच होते देखेंगे। यह एक आदर्श कहानी है और मुझे लगता है कि इस पर एक बायोपिक बना सकते हैं।'' कैटरीना के 'टाइगर 3' के सह-कलाकार सलमान खान ने राहुल द्रविड़ के स्थायी समर्पण और अपरिवर्तित आचरण की सराहना की। अभिनेता ने कहा, राहुल द्रविड़ ने अगली पीढ़ी के कई युवाओं के साथ काम किया है और उन्हें प्रशिक्षित किया है, लेकिन वह वैसे ही बने हुए हैं। उनमें कोई बदलाव नहीं आया, यह अविश्वसनीय है क्योंकि जब आप मैदान पर होते हैं, तो आप बहुत सारी कैलोरी जला रहे होते हैं।'' सलमान ने कहा, लेकिन राहुल द्रविड़, अपने पूरे कोचिंग समर्पण और हमारी भारतीय क्रिकेट टीम को विश्व कप जीतते देखने की इच्छा के साथ, एक प्रेरणा रखते हैं कि भले ही मैं न जीतूं, भारतीय क्रिकेट टीम को यह विश्व कप जीतना चाहिए।

23 को जारी होगा एनिमल का ट्रेलर

मुंबई/एजेन्सी

रणबीर कपूर की 'एनिमल' साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म के टीजर को लेकर पहले ही काफी बज बन गया है। रणबीर बिल्कुल अलग लुक में दिखे हैं। उनके अलावा फिल्म में रश्मिका मंदाना, अनिल कपूर, बॉबी देओल और तृप्ति डिमरी हैं। फैन्स ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म की रिलीज में अब ज्यादा दिन नहीं रह गए हैं।

डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा ने आखिरकार पोस्ट कर बताया कि फिल्म का ट्रेलर कब आएगा। संदीप रेड्डी वांगा ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर खुलासा किया कि ट्रेलर किस दिन रिलीज होगा। उन्होंने रणबीर कपूर के साथ खुद की ब्लैक एंड फोटो शेयर की। फोटो के ऊपर ही लिखा है, '23 नवंबर को ट्रेलर।'

इसके साथ ही फैन्स काफी एक्साइटेड हो गए। कमेंट सेक्शन में एक यूजर ने लिखा, 'वर्ल्ड कप फाइनल का दुख सिर्फ ये ट्रेलर ही मिटा सकता है।' एक अन्य ने कहा, 'आप पर पूरा भरोसा है।' एक यूजर कमेंट करते हैं, 'इंतजार है अन्ना, 23 के आने का।

'एनिमल' का टीजर रणबीर के जन्मदिन पर सितंबर महीने में आया था। फिल्म में अनिल कपूर ने रणबीर के पिता और रश्मिका ने पत्नी का रोल किया है। बॉबी देओल निगेटिव किरदार करते दिखेंगे। यह पहली बार है जब रणबीर और संदीप साथ में काम कर रहे है। संदीप ने इससे पहले शाहिद कपूर के साथ कबीर सिंह बनाई थी। फिल्म को भूषण कुमार और कृष्ण कुमार की टी-सीरीज, मुराद खेतानी की सिने 1 स्टूडियोज और प्रणय रेड्डी वांगा की भद्रकाली पिक्चर मिलकर प्रोड्यूस कर रही है। एनिमल 1 दिसंबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

जैन इन्टरनेशनल ट्रेड आर्गेनाइजेशन(जीतो) साऊथ के सदस्यों ने पैलेस ग्राउंड स्थित प्रिंसेस गोल्फ सभागार में दीपावली कार्निवल का आयोजन किया। सदस्यों के बीच संबंधों को मजबूती देने वाले इस रोशनमय एवं जगमगाती संगीतमय शाम में 1500 से अधिक उत्साही सदस्य परिवारजनों ने भाग लिया।

गौड़ ब्राह्मणों के दीपावली मिलन में हुआ मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय गौड़ ब्राह्मण संघ का दीपावली स्नेह मिलन शहर के एक होटल में सम्पन्न हुआ। संघ के अध्यक्ष चुन्नीलाल नाथोलिया, सचिव अनिलकुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष दिनेशचंद शर्मा, उपाध्यक्ष हरिप्रसाद शर्मा, मुकेश शर्मा, रोहित शर्मा, विजयकुमार शर्मा, पवनकुमार शर्मा, अरुण शर्मा, संदीप नाथोलिया, संदीप जोशी, महेश शर्मा, राघव शर्मा सहित मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित राधेश्याम शर्मा, कार्यक्रम के अध्यक्ष जगदीशचंद्र शर्मा, विशिष्ट अतिथि पूर्व अध्यक्ष नन्दलाल इंदौरिया, सुधाकर मिश्रा, हरिप्रसाद शर्मा ने भगवान परशुराम के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर स्नेह मिलन की शुरुआत की । दिनेशचंद शर्मा ने गणेश वंदना व गायत्री मंत्र गाया। इस मौके पर अतिथियों का सम्मान किया गया। महिला मंडल ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

इस मौके पर समाज के मेधावी विद्यार्थी राहुल शर्मा, मिशिका शर्मा, ज्ञान गौतम, इशिका गौतम, कीर्तिकुमारी शर्मा, प्रणव शर्मा आदि का संघ की ओर से उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मान करते हुए प्रस्शति पत्र प्रदान किया। सचिव अनिल शर्मा ने सभी को धन्यवाद दिया। मंच संचालन महिला मंडल संयोजिका हंसा शर्मा ने किया।

जीतो बेंगलूरु साउथ के दीपावली कार्निवल में दिखा विशेष उत्साह

बड़ी संख्या में सदस्य अपने परिवार के साथ हुए शामिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जैन इन्टरनेशनल ट्रेड आर्गेनाइजेशन(जीतो) साऊथ के सदस्यों ने पैलेस ग्राउंड स्थित प्रिंसेस गोल्फ सभागार में दीपावली कार्निवल का आयोजन किया। सदस्यों के बीच संबंधों को मजबूती देने वाले इस रोशनमय एवं जगमगाती संगीतमय शाम में 1500 से अधिक उत्साही सदस्य परिवारजनों ने भाग लिया। जीतो साउथ के अध्यक्ष दिनेश बोहरा के नेतृत्व में आयोजित इस उत्सव में जीतो के वर्तमान एवं पूर्व अपेक्स निदेशक, पूर्व अध्यक्ष, साउथ व नॉर्थ के महामंत्रियों, मुख्य, महिला व युवा विंग पदाधिकारियों तथा योजना संयोजक-सह संयोजक ने दीप प्रज्वलन कर आयोजन की शुरुआत की। दिनेश बोहरा ने सभी का स्वागत करते हुए पिछले एक वर्ष की जीतो साऊथ की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। विशेष रूप से उन्होंने जैन बंधु योजना के बारे में बताया कि शैक्षणिक छात्रवृत्ति एवं मासिक वित्तीय सहायता के रूप में हजारों साधर्मिक बंधुओं को लाभ पहुँचाया जा रहा है। उन्होंने सहयोग देने वालों के प्रति आभार जताया।

जीतो साउथ के महामंत्री दीपक श्रीश्रीमाल ने बताया कि सदस्य परिवारों के मनोरंजन के लिए कार्निवल में गेम, फोटो बूथ आदि अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न 560 विजेताओं को उपहार वितरित किए गए। शाम का मुख्य आकर्षण के रुप में 10 ग्राम से लेकर 500 ग्राम तक के 27 उत्कृष्ट चांदी के उपहार लक्की ड्रॉ के माध्यम से निकाले गए।

परियोजना संयोजक उदय जैन एवं सह संयोजक सुशील तलेसरा के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रसिद्ध गायिका हर्षी और उनकी टीम ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। दीपावली कार्निवल में जीतो अपेक्स वाइस चेयरमैन राजेंद्र छाजेड, श्रमण आरोग्यम अध्यक्ष रमेश हरण, केकेजी जोन अध्यक्ष अशोक सालेचा, महामंत्री दिलीप जैन, पूर्व अध्यक्ष प्रकाशचंद सिंघवी व श्रीपाल खिंवेसरा, महिला विंग अध्यक्ष सुनीता गांधी, महामंत्री मोनिका पिरगल, युवा विंग अध्यक्ष पिंकेश मेहता व महामंत्री संदीप पगारिया के साथ जीतो नॉर्थ अध्यक्ष इंदरचंद बोहरा, महामंत्री सुधीर गादिया सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ भोजपुरी सेवा समिति की छठ पूजा सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के भोजपुरी समाज सेवा समिति द्वारा आस्टिन टाउन स्थित नंदन फुटबॉल स्टेडियम में भव्य छठ पूजा समारोह का आयोजन किया। सोमबार सुबह सूर्योदय के समय भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पण किया गया। अर्घ्य के उपरांत जयप्रकाश सिंह, नवीनकुमार, मनीकुमार महतो ने प्रसाद वितरण किया।

इस मौके पर कर्नाटक सरकार के परिवहन मंत्री रामलिंगा रेड्डी, सांसद पी सी मोहन, पूर्व मेयर गौतम कुमार सहित अनेक गणमान्य नागरिक सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। सांसद पी सी मोहन ने संस्था के संस्थापक अध्यक्ष संजयसिंह उज्जैन, छठ पूजा अध्यक्ष अमरेंद्र ओझा, सह अध्यक्ष रामाशंकर सिंह, व्यवस्थापक शशिभूषण झा एवं कोषाध्यक्ष चन्द्रशेखर सिंह के साथ मिलकर आजीवन सदस्यों को, समाज के मेधावी बच्चों व उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

अन्नदान

बेंगलूरु के गाळी आंजनैया ऑटो चालक संघ द्वारा आयोजित कर्नाटक राज्योत्सव में मुख्य अतिथि के रुप में क्षेत्र के विधायक एम. कृष्णपा एवं समाजसेवी महेंद्र मुणोत ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संघ की तरफ से अन्नदान कार्यक्रम का आयोजन था जिसकी शुरुआत महेन्द्र मुणोत ने की। संघ के जयराम एवं लोकेश ने अतिथियों को सम्मानित किया।

मारवाड़ जंक्शन प्रवासी संघ के सम्मेलन में हुई क्रिकेट प्रतियोगिता व हुआ सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय मारवाड़ जंक्शन जैन प्रवासी संघ का 28वाँ सम्मेलन शहर के एक रिसोर्ट में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर एमजेपीएल टपरावत क्रिकेट प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ जिसमें पहला मैच आदिश्वर टीम एवं एजुसिस्टा टीम के बीच हुआ तथा दूसरा मैच जिनेश्ववर बैग टीम एवं सेरल टीम के बीच हुआ। फाइनल मैच में एजुसिस्टा टीम एवं जिनेश्वर बैग टीम का मुकाबला हुआ जिसमें एजुसिस्टा टीम ने शानदान प्रदर्शन करते हुए टपरावत कप जीत लिया। सम्मेलन में महिला मंडल द्वारा महिलाओं एवं बच्चों के लिए अनेक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया तथा विजेताओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में संघ के तपस्वियों का भी सम्मान किया गया।

सम्मेलन में अध्यक्ष पारसमल भंडारी ने सभी का स्वागत करते हुए सम्मेलन के बारे मे अपने विचार एवं प्रगति रिपोर्ट पेश की। मंत्री दिलीप मरलेचा एवं कोषाध्यक्ष जयंतीलाल भंडारी ने विभिन्न जानकारी दी तथा व्यवस्थाएं संभाली। पूर्व अध्यक्ष मदनलाल बोहरा ने परिवारों में आपसी संबंध एवं एकता पर विचार व्यक्त किए। संरक्षक रिखबचंद बड़ोला ने घर परिवार में मारवाडी भाषा के उपयोग को बढ़ावा देने की बात कही।

युवा अध्यक्ष अरविंद टपरावत ने पूरे क्रिकेट प्रतियोगिता एवं सम्मेलन का संचालन किया। युवा मंत्री महावीर ओस्तवाल, प्रकाश टपरावत, महिला मंडल अध्यक्ष दमयंती बोहरा, मनीता भंडारी, जसवंता बड़ोला व उनके टीम ने विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करते हुए व्यवस्था संभाली।

हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ मरुधरा जैन संघ का स्नेह मिलन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय मरुधरा जैन संघ का 30वां स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन रविवार को टुमकूर रोड स्थित भिक्षु धाम में किया गया जिसके सम्पूर्ण लाभार्थी अमृतलाल, दलपतराज, कांतिलाल, नेमीचन्द, भंवरलाल सालेचा परिवार वाले रहे। इस मौके पर बच्चों व महिलाओं के मनोरंजन के लिए अनेक खेलकूद व मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में 'आज के जीवन में सोशल मीडिया का इफेक्ट एवं संयुक्त परिवार' विषयक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका बहुत सराहना हुई। छोटे बच्चों के लिए 'चंद्रयान-3' विषयक चित्रकारी प्रतियोगिता रखी गई।

स्नेह मिलन में मरुधरा संघ की स्थापना वर्ष 1992 से 2023 तक के इतिहास व विकास यात्रा के बारे में एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म का फिल्माकंन किया गया जो कि बहुत ही ज्ञानवर्धक रहा। अगले वर्ष के स्नेह मिलन लाभार्थी के रुप में अनिलकुमार दीपककुमार मोहनलाल संचेती परिवार के नाम की घोषणा हुई। वर्तमान लाभार्थी परिवार का सम्मान किया गया। अध्यक्ष डूंगरमल पारख ने सबका स्वागत किया। सचिव विनोद भुरट ने संघ की रिपोर्ट पेश की। कोषाध्यक्ष उत्तम सालेचा ने आय व्यय का ब्यौरा दिया। महिला मंडल की अध्यक्ष हेमा मकाना एवं सचिव आरती बागमार ने मंडल की रिपोर्ट व नवयुवक मंडल के अध्यक्ष किरण सालेचा एवं सचिव विक्रम विनायकिया, कोषाध्यक्ष नवीन भुरट ने मंडल की रिपोर्ट पेश की। नवयुवक मंडल के सदस्यों ने कार्यक्रम की व्यवस्था संभाली। सहमंत्री रमेश सालेचा ने धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन संघ के मंत्री विनोद भूरट ने किया।

शाकद्वीपीय समाज भास्कर मंडल ने किया सुनील शर्मा का सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के जेपी नगर मे निर्माणाधीन सूर्य मंदिर के लिए 'हर परिवार से एक रुपये का अंशदान' अभियान के तहत शिवाजीनगर में शाकद्वीपीय समाज भास्कर मंडल की ओर से आयोजित कार्यक्रम में अतिथि के रुप में सुनील शर्मा अपने परिवार के साथ शामिल हुए। शोभायात्रा के साथ सुनील शर्मा का स्वागत किया गया।

हीराबाग में आयोजित इस स्नेह मिलन में सुनील शर्मा ने धर्मपत्नी संतोष शर्मा के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

गणेश वंदना के पश्चात समाज के बच्चों ने अनेक मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। शाकद्वीपीय भास्कर मंडल की तरफ से सूर्य मंदिर निर्माण के लिए शर्मा परिवार को 'भामाशाह परिवार' की उपाधि से सम्मानित किया तथा परिवार की मुखिया रामकन्या देवी, सुनील शर्मा व संतोष शर्मा का सम्मान किया। चेन्नई समाज के अध्यक्ष किशोर कुवेरा तथा कोलकाता समाज के अध्यक्ष ने भी सुनील शर्मा का भी सम्मान करते हुए एक रुपए अंशदान की पहल की सराहना की। इस मौके पर बड़ी संख्या में समाज की ओर से अंशदान भी दिया गया। अपने सम्मान के बाद सुनील शर्मा ने सभी को समाज से जुड़ने और अन्य को समाज से जोड़ने पर जोर देते हुए मंदिर के सभी कार्यक्रमों में शामिल होने का निवेदन किया।

उन्होंने भास्कर युवक व महिला मंडल के प्रति आभार जताया। इस मौके पर रतनलाल शर्मा, विनोद शर्मा, नरेंद्र शर्मा, श्याम शर्मा, रमेश शर्मा, चेतन शर्मा, राजेश शर्मा, संदीप शर्मा, वीरेन्द्र शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, भूपेश कश्यप, राकेश शर्मा, विजयकुमार, बाबूलाल पांचेटिया, श्यामसुंदर भोजक, अरुण शर्मा समेत कई सदस्य उपस्थित थे।

नास्तिक को भी आस्तिक बना सकता है नियमित सत्संग : साध्वी भव्यगुणाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के सिमंधरस्वामी राजेंद्रसूरी ट्रस्ट मामुलपेट के तत्वावधान में आयोजित चातुर्मास में गुरु राजेन्द्र भवन किलारी रोड में विराजित साध्वी भव्यगुणाश्रीजी ने कहा कि नियमित सत्संग बना सकता है नास्तिक को आस्तिक। आत्मा से कर्मों का बोझ हटाए बिना नहीं मिल सकती मुक्ति। जीवन में सत्संग का बहुत महत्व है। सत्संग व्यक्ति को बदल देता है। सत्संग में जो नियम लेते है उनकी पालना करे और धर्म के प्रति दृढ़ आस्थावान बने रहे। जिनवाणी श्रवण करने वाले को पतित से पावन बना देती है। ऐसे में जब भी जिनवाणी श्रवण का सुअवसर प्राप्त हो उसे कभी नहीं छोड़े। हमें जीवन को सार्थक बनाना है तो भगवान महावीर के बताए हुए रास्ते पर चलना होगा। हमारे भव भ्रमण का कारण हमारे कर्म है। भगवान महावीर के बताए रास्ते पर चलकर जीवात्मा मोहनीय कर्म से मुक्त होकर मुक्ति के मार्ग पर बढ़ सकती है।

साध्वी शीतलगुणाश्रीजी ने कहा कि जीवन में परिवर्तन लाने में पांच 'अ' अहम भूमिका निभाते है। इनमें पहले अ का अर्थ उत्तम क्षमा है। क्षमा मांगने ओर

करने में कोई हिचक नहीं रहनी चाहिए। दूसरा अ आहारचर्या से जुड़ा है यानी हमारी आहार प्रक्रिया सही होनी चाहिए। तीसरे अ का अर्थ अनेकान्तवाद से है यानी कोई भी अपनी जगह गलत नहीं सबके सोचने का नजरिया अलग-अलग हो सकता। चौथे अ का अर्थ अपरिग्रह से है यानी भौतिक वस्तुओं के प्रति मोह नहीं रखना है। पांचवें अ का अर्थ अहिंसा से है जिसमें प्राणी मात्र के प्रति दया का भाव हमारे मन में होना चाहिए। मेघराज भंसाली ने बताया कि अभिषेक का लाभ प्रदीप वेदमुथा, दिलीपकुमार काकरिया, चंपालाल गादिया, जयंतीलाल पटियात, मुकेश श्रीश्रीमाल, कविता वेदमुथा, यशोदा बाई, संगीता पटियात आदि ने लिया।

महावीर निर्वाण महोत्सव के उपलक्ष्य पर विशेष पोस्टकार्ड जारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। श्रमण भगवान महावीर के निर्वाण महोत्सव के अवसर पर केन्द्र सरकार, दूरसंचार मंत्रालय द्वारा एक विशेष पोस्टल कार्ड जारी किया गया जिसके अनावरण निर्वाण महोत्सव के अवसर पर मैसूर पैलेस में महाराजा यदुवीर कृष्णदत्त चामराजा वाडियार द्वारा किया गया। इस विशेष पोस्ट कार्ड के अनावरण के अवसर पर महाराजा यदुवीर ने कहा कि तीर्थंकर महावीर भगवान ने अहिंसा परमो धर्म, अनेकान्त और जीयो और जीने दो के महान सिद्धांतों की सदैव वकालत की थी। इस मौके पर विशेष रुप से संस्कार स्कूल हुब्बल्ली के अध्यक्ष महावीर कुंदुर, मैसूर के वरिष्ठ अधीक्षक, आईपीएयूएस के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. एंजेल राज आदि उपस्थित थे।

Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com